दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 156 जयपुर, गुरुवार, 16 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

### खेतड़ी: HCL खदान हादसे में एक की मौत



**झुंझुनूं।** खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में लिफ्ट टूटने के कारण फंसे 15 लोगों को बुधवार सुबह रेस्क्यू कर लिया गया। इनमें शामिल चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र कुमार पांडे की मौत हो गई। झुंझुनूं सरकारी अस्पताल के डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू किए गए लोगों में से एक की गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई, अन्य तीन की हालत गंभीर थी, उन्हें जयपुर रेफर कर दिया गया। एसडीआरएफ की टीम ने लोगों को पहले 1875 फीट गहराई में टूटी लिफ्ट से बाहर निकाला गया और इसके बाद एक एक करके उन्हें सीढ़ी की मदद से खदान से बाहर लाया गया।

### बस-ट्रक की टक्कर में छह लोग जिंदा जले, 32 घायल



**पालनाडु।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में हैदराबाद-विजयवाड़ा हाइवे पर बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हो गए। आंध्र प्रदेश के बापटला जिले के चिन्नागंजम से हैदराबाद जा रही एक बस चिलकालूरिपेट में एक लॉरी से टकरा गई। टक्कर के कारण बस और लॉरी में आग लग गई। इससे 6 लोगों की जिंदा जलने मौत हो गई है। हादसे में 32 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए गुंटूर ले जाया गया। पुलिस हादसे की वजहों की जांच कर रही है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**भारतीय स्टार जेवलिन थ्रोअर ने फिर रचा इतिहास... गोल्डन बॉय ने भुवनेश्वर में 82.27 मीटर दूर फेंका भाला**

# ओलंपिक से पहले चमके नीरज, फेडरेशन कप में 'गोल्ड'

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

भारतीय स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने फिर इतिहास रच दिया। उन्होंने भुवनेश्वर में चल रहे फेडरेशन कप-2024 के भाला फेंक इवेंट में स्वर्ण पदक जीत लिया। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले गोल्डन बॉय ने फाइनल में 82.27 मीटर दूर भाला फेंकते हुए स्वर्ण अपने नाम किया। यह उनका तीन साल में देश में पहला टूर्नामेंट था। इस टूर्नामेंट में नीरज के अलावा किशोर जेना और डीपी मनू भी थे। मनू 82.06 मीटर दूर भाला फेंक कर दूसरे पायदान पर रहे और उन्होंने सिल्वर पदक जीता। गौरतलब है कि नीरज चोपड़ा और किशोर जेना पहले ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। यही कारण रहा कि इन दोनों को डायरेक्ट फाइनल्स में जगह मिली। नीरज और मनू के बाद उत्तम पाटिल तीसरे नंबर पर रहे। उन्होंने 78.39 मीटर दूर भाला फेंका और ब्रॉन्ज मेडल जीता।

फेडरेशन कप जेवलिन थ्रो के फाइनल में नीरज के अलावा किशोर जेना, डीपी मनु, रोहित कुमार, शिवपाल सिंह, प्रमोद, उत्तम बालासाहेब पाटिल, कुंवर अजयराज सिंह, मनजिंदर सिंह, बिबिन एंटोनी, विकास यादव और विवेक कुमार ने हिस्सा लिया। यह ओलंपिक क्वालिफिकेश का भी जरिया था। पेरिस ओलंपिक के भालाफेंक स्पर्धा में नीरज और जेना पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। बाकी एथलीट्स को क्वालिफाई करने के लिए 85.50 मीटर का दायरा पार करना था। हालांकि, कोई ऐसा नहीं कर पाया।




### दोहा डायमंड लीग में रहे दूसरे स्थान पर

26 साल के नीरज इस टूर्नामेंट में दोहा डायमंड लीग खेलकर आ रहे हैं। दोहा डायमंड लीग में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने वहां 88.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। वह चेक गणराज्य के जाकुब वादलेच से दो सेंटीमीटर से पिछड़ गए थे। जाकुब ने 88.38 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। हालांकि, फेडरेशन कप में नीरज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके और 82.27 मीटर का ही आंकड़ा छुआ। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। हालांकि, वह कई बार बयान दे चुके हैं कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है।

### ओलंपिक के लिए कर चुके क्वालीफाई

नीरज चोपड़ा और किशोर जेना पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। ओलंपिक्स में क्वालिफाइंग मार्क 85.09 है। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के फाइनल में शानदार प्रदर्शन से फैंस खुश हो गए हैं। हालांकि नीरज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया।

### 28 मई को एक बार फिर मैदान में दिखाएंगे कमाल

नीरज लगातार चोट से जूझ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने इस लीग में खुद पर ज्यादा दबाव नहीं बनाया। उन्होंने आखिरी के दो थ्रो स्कीप कर दिए थे। उन्होंने चौथे थ्रो के बाद ही अपना सामान पैक कर लिया था। अब नीरज 28 मई को एक बार फिर मैदान में उतरेंगे। वो ओस्ट्रावा, चेकिया में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

**हावड़ा में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में बोले सीएम...**

# मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रहा है भारत

■ आर्थिक दृष्टि से भी बहुत जल्दी भारत बनेगा दुनिया का नंबर वन देश




**एजेंसी** | हावड़ा

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि खुद को दुनिया की महाशक्ति कहने वाले देश आज भारत की बढ़ती हुई ताकत से घबराने लगे हैं। सभी देश भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि आने वाला समय भारत का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत चहुंमुखी प्रगति कर रहा है।

पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आर्थिक दृष्टि से 11वें स्थान से ऊपर उठकर पांचवें पायदान पर आ गया है और आने वाले 2 साल में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। सीएम शर्मा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया का नंबर वन देश बन जाएगा।

मुख्यमंत्री बुधवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हाल ही में राजस्थान में विधानसभा चुनाव में प्रवासी राजस्थानियों ने अपना भारी समर्थन देकर भाजपा की सरकार बनवाई उसी तरह यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रथिन नाथ चक्रवर्ती को भारी बहुमत से विजयी बनाकर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनवाएं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान में उद्योग लगाने और निवेश करने का निमंत्रण देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार उनकी आकांक्षाओं का पूरा ध्यान रखेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री का पश्चिम बंगाल पहुंचने पर पर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में मौजूद महिलाओं, युवाओं और बच्चों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई थी।

### पश्चिम बंगाल में आए दिन होते हैं दंगे

सीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के शासनकाल में आए दिन दंगे और हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को पूरे देश ने देखा है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी सरकार तुष्टीकरण के आधार पर चल रही है। शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल स्वामी विवेकानंद और रविंद्र नाथ टैगोर की धरती है। यहां के लोगों में राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर भरी है। इनका आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के सपूत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1942 में बंगाल में पड़े भीषण अकाल में लोगों की सेवा में दिन रात जुटे रहे। आजादी के बाद गठित हुई देश की पहली सरकार में वे उद्योग मंत्री थे, लेकिन उन्होंने राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया क्योंकि उन्हें कश्मीर में दो निशान दो विधान की नीति मंजूर नहीं थी।

### 10 साल में आतंकवाद और नक्सलवाद का हुआ सफाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले पूरा देश आतंकवाद और नक्सलवाद के साए में जीता था। आतंकवादी जगह जगह आतंकी घटनाएं करते थे और नक्सलवादी कभी किसी उद्योगपति तो कभी किसी अधिकारी को बंधक बनाकर ले जाते थे। मगर पिछले 10 वर्षों में देश से आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया हो गया है।

**97 साल की उम्र में ली अंतिम सांस**

# गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल का निधन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की राजनीति के लिए बुधवार का दिन दुखद खबर लेकर आया। प्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री कमला बेनीवाल का आज निधन हो गया। कमला बेनीवाल ने 97 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। कमला बेनीवाल के चर्चित नेता रही थीं। गुजरात में राज्यपाल रहते हुए उस वक्त मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी से उनकी कई मामलों में अनबन हुई थी, जिसकी काफी चर्चा हुई थी। कमला बनीवाल गहलोत सरकार में भी मंत्री पद संभाल चुकी थीं। कमला बेनीवाल साल 1954 में 27 वर्ष की उम्र में विधानसभा चुनाव जीतकर राजस्थान सरकार में पहली महिला मंत्री बनीं। उनका जन्म 12 जनवरी 1927 को झुंझुनूं जिले के गोरिर गांव के जाट परिवार में हुआ था। वह कांग्रेस की वरिष्ठ राजनेता थीं।



### त्रिपुरा व मिजोरम की भी राज्यपाल रही

डॉ. कमला को 2009 में त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। वह पूर्वोत्तर भारत के किसी भी राज्य की पहली महिला राज्यपाल थीं। एक महीने बाद उन्हें 27 नवंबर 2009 को गुजरात का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने चार साल से अधिक समय तक सेवा की। 6 जुलाई 2014 को उनका तबादला मिजोरम के राज्यपाल पद पर कर दिया गया।

कमला बेनीवाल की शिक्षा झुंझनूं में ही हुई थी। उन्होंने अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र और इतिहास में स्नातक की डिग्री हासिल की थी।

**शिक्षा विभाग ने तैयार की 10 सूत्री गाइड लाइन**

# अब 3 साल तक नहीं बढ़ेगी प्राइवेट स्कूलों की फीस

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य के सभी स्कूलों को फीस का ब्योरा अब प्राइवेट स्कूल पोर्टल (पीएसपी) पर देना होगा। इतना ही नहीं इस फीस का अनुमोदन करवाने के बाद तीन साल तक कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। स्कूल में पढ़ाई जा रही बुक्स की डिटेल भी सार्वजनिक करनी होगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय से जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूल स्तर पर पेरेंट्स टीचर की एक कमेटी का गठन करना होगा। ये कमेटी फीस का निर्धारण करेगी। इस फीस कमेटी के सभी सदस्यों का नाम, पता, मोबाइल नंबर प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर अपडेट करना होगा।

इस कमेटी से अप्रुव फीस से ज्यादा फीस लेना अवैध होगा। ऐसे स्कूल पर फीस एक्ट के तहत कार्रवाई हो सकती है। अभिभावक को बढ़ी हुई फीस लौटानी पड़ सकती है, जो फीस तय होगी, वो तीन साल तक रहेगी। निदेशक ने प्राइवेट स्कूल्स को आदेश दिया है कि सभी स्कूल को हर हाल में अपनी बुक्स की लिस्ट सार्वजनिक करनी होगी। लिस्ट में लेखक, प्रकाशक के नाम और मूल्य के साथ अपने नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करनी होगी।

वेबसाइट पर सत्र प्रारंभ होने के कम से कम एक महीने पहले लिस्ट चिपकानी होगी। विद्यार्थी और अभिभावक अपनी सुविधानुसार खुले बाजार से बुक्स खरीद सकेंगे। कोई स्कूल स्टूडेंट्स को किसी भी मामले में मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं कर सकता। ऐसा करने वाले विद्यालय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पोक्सो कोर्ट का फैसला**

# रेप केस में दस साल के बाद IAS बीबी मोहंती को कोर्ट ने किया बरी

- मोहंती के खिलाफ एमबीए की छात्रा ने दर्ज कराई थी एफआईआर
- केस दर्ज होने के बाद नौकरी से धोना पड़ा था हाथ
- 4 साल तक फरार रहने के बाद किया गया था सरेंडर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के बहुचर्चित दुष्कर्म कांड में पूर्व आईएएस बीबी मोहंती बरी हो गए हैं। पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या 3 महानगर द्वितीय ने बुधवार उन्हें बरी कर दिया। मोहंती साल 1977 बैच के आईएएस अफसर थे। वर्ष 2014 में वे प्रदेश में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी थे। 25 जनवरी को 2014 को उनके खिलाफ जयपुर शहर के महेश नगर पुलिस थाने में रेप का केस दर्ज हुआ था। 10 साल तक दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप झेल रहे मोहंती को अब कोर्ट ने बरी कर दिया है। यूपी की रहने वाली एमबीए की एक छात्रा ने आईएएस बीबी मोहंती के खिलाफ रेप का आरोप लगाते हुए कोर्ट में इस्तगासे के जरिए केस दर्ज कराया था। छात्रा का आरोप था कि आईएएस की तैयारी कराने और नौकरी लगवाने का झांसा देकर मोहंती ने नजदीकियां बढ़ाई। फिर साल 2013 में महेश नगर इलाके में स्वेज फार्म स्थित अपने फ्लैट में ले गए और दुष्कर्म किया। छात्रा का यह भी आरोप था कि कई महीनों तक देह शोषण करने के बाद भी नौकरी नहीं लगाने पर तकाजा किया तो मोहंती ने शादी करने का झांसा दे दिया। बाद में शादी का झांसा देकर कई महीनों तक देहशोषण किया। जब शादी से इनकार किया तो छात्रा ने कोर्ट में इस्तगासा पेश किया। इस्तगासे के आधार पर महेश नगर पुलिस ने मोहंती के खिलाफ केस दर्ज किया।



### लंबे समय तक रहे थे जेल में

केस दर्ज होने के बाद बीबी मोहंती फरार हो गए। पुलिस की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए। जनवरी, 2014 में ही तत्कालीन राज्य सरकार ने मोहंती को सस्पेंड कर दिया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी रहे बीबी मोहंती करीब 4 साल तक फरार रहे। बाद में 20 नवंबर, 2017 को उन्होंने सरेंडर कर दिया। वे खुद ही कोर्ट में पहुंच गए। इसके बाद महेश नगर थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। चार साल तक फरार रहने के बाद लंबे समय तक उन्हें जेल में भी रहना पड़ा।

### खाते सीज, लुकआउट नोटिस भी जारी

आईएएस मोहंती के फरार होने के कारण पुलिस की काफी फजीहत हुई। उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने पर कोर्ट ने पुलिस को कई बार फटकार लगाई। कोर्ट ने मोहंती के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया और उनके तमाम बैंक अकाउंट सीज करने के आदेश दिए। ऐसे में वे विदेश नहीं भाग सके। बैंक अकाउंट सीज होने से मोहंती के पास रुपए खत्म हो गए थे। इसके बाद उन्होंने सरेंडर किया।

### संपत्ति कुर्की के आदेश के बाद किया था सरेंडर

केस दर्ज होने के बाद मोहंती फरार हो गया था। पुलिस तलाश में नहीं मिलने पर कोर्ट ने उसे भगोड़ा साबित कर दिया और उसकी संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दे दिया था। तीन साल बाद 2017 में मोहंती ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था। अब इस मामले में कोर्ट ने आदेश सुनाते हुए मोहंती को बरी कर दिया। बताया गया है कि इससे पहले भी पीड़िता ने अपने हॉस्टल संचालक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। बाद में पीड़िता कोर्ट में अपने बयानों से मुकर गई। लिहाजा अदालत ने हॉस्टल संचालक को बरी करते हुए पीड़िता के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया था।

## जरूरी खबर

### गर्मी में प्यासों को पानी पिलाना है पुण्य का कार्य



**जयपुर।** गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में किसी को शीतल जल मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने विभाग के गांधीनगर स्थित कार्यालय में कार्मिकों के आर्थिक सहयोग से स्थापित किए गए वाटर कूलर के शुभारंभ के दौरान यह बात कही। गौरतलब है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वॉटर कूलर के माध्यम से आमजन के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करने का आह्वान किया है। इसी क्रम में गांधीनगर स्थित कार्यालय में वाटर कूलर स्थापित किया गया है।

### रोडवेज बसों में और सुरक्षित होगा महिलाओं का सफर

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्रेया गुहा ने कहा है कि रोडवेज बसों में लगाए जा रहे पैनिक बटन एक अच्छी पहल है। इसका उपयोग कर महिलाएं किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रबन्धन को अवगत करा सकेंगी। इससे रोडवेज बसों में महिलाओं का सफर और भी अधिक सुरक्षित होगा। उन्होने गर्मी के मद्देनजर बस स्टैण्ड्स पर यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। गुहा बुधवार को रोडवेज मुख्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए सभी मुख्य प्रबन्धकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**चाकसू।** शिवदासपुरा थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रहलाद बैरवा रसूलपुरा गांव निवासी है। आरोपी से चोरी की बाइक भी बरामद की है। थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि 14 मई को परिवादी प्रहलाद जाट ने मामला दर्ज कराया था। इसमें बताया कि 12 मई को वह प्रह्लाद जाट बाइक से जा रहा था। रास्ते में आरोपी ने उससे लिफ्ट ली। थोड़ी दूर जाने के बाद पीड़ित ने लघुशंका के लिए बाइक रोकी। इस दौरान आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने महल रोड स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल के पास से बाइक बेचने की फिराक में खड़े आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

---

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को प्रभावी कार्रवाई के साथ ही क्लोजर रिपोर्ट बनाने का भी दिया आदेश

# सरिस्का टाइगर रिजर्व के 1 किमी दायरे में खनन पर 'सुप्रीम' रोक

**बेधड़क** | जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने खनन गतिविधियों को लेकर राजस्थान सरकार को एक बड़ा आदेश दिया है। इसके तहत राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व के एक किलोमीटर के दायरे में खनन गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य सरकार इसे लेकर क्लोजर प्लान बनाकर आदेश का अनुपालन करें। वहीं कहा कि इसके लिए हर तरह के आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने सरिस्का टाइगर रिजर्व खनन



मामले में संज्ञान लेते हुए यह फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने फैसले में साफ कहा कि सरिस्का टाइगर रिजर्व के एक किलोमीटर के दायरे में सभी खनन गतिविधियों पर रोक लगा दी जाए। इसके साथ ही राजस्थान सरकार को क्लोजर रिपोर्ट भी बनाने का आदेश दिया है।

अब इस मामले में सुनवाई जुलाई महीने में होगी। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की मंजूरी के बिना सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य के 10 किमी क्षेत्र के भीतर और सरिस्का टाइगर रिजर्व के 1 किमी क्षेत्र के भीतर अवैध खनन गतिविधियों को रोकने के लिए राजस्थान राज्य को निर्देश देने के लिए एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### कई खनन कंपनियां कर रही निर्देशों का उल्लंघन

सुप्रीम कोर्ट में दी गई याचिका में दावा किया गया था कि राजस्थान में कई खनन कंपनियां सरिस्का टाइगर रिजर्व के सीटीएच क्षेत्रों वाले इको सेंसिटिव जोन में खनन गतिविधियों के संबंध में शीर्ष अदालत द्वारा जारी किए गए विभिन्न आदेशों और निर्देशों का उल्लंघन कर रही हैं। नियमों व आदेशों को ताक पर रखकर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में खनन गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है।



### बिना किसी मंजूरी के चल रहा अवैध खनन

याचिका में यह आरोप लगाया गया था कि विभिन्न व्यक्ति और कंपनियां राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की मंजूरी के बिना और पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र के भीतर या उससे बाहर काम करने के लिए वैध पर्यावरणीय मंजूरी लिए बिना अवैध खनन गतिविधियों को अंजाम दे रही है। इसके तहत मनमाने तरीके से खनन किया जा रहा है।

---

आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक प्रदेश में रिकॉर्ड जब्ती

# अवैध सामग्री की जब्ती का आंकड़ा 1106 करोड़ के पार

■ 9 जिलों में 40 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की वस्तुएं व नकदी बरामद

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में 1106 करोड़ रूपए की कीमत से अधिक की जब्तियां की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। 1 मार्च से अब तक प्रदेश में 1106 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा है। 1 मार्च से अब तक 9 राज्य के जिलों में 40-40 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।



### जिलेवार जब्ती का आंकड़ा

- सिरोही : 68.77
- जयपुर : 61.05
- झुंझुनूं : 52.46
- भीलवाड़ा : 49.62
- जोधपुर : 48.90
- चूरू : 47.80
- गंगानगर : 44.86
- बाड़मेर : 41.62

(राशि करोड़ रुपए में)

### इतनी राशि की वस्तुएं की जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 42 करोड़ रुपए नकद, 202.25 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स, 47.24 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की शराब और लगभग 70.04 करोड़ रुपए मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही 743.97 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपए मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।

### ये एजेंसियां मुस्तैदी से कर रही निगरानी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राजस्थान पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेशभर में आचार संहिता की अवधि के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अधिकारी और कार्मिक मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

---

वीडियो में युवक ने कहा- जल्द मारेंगे

# रविंद्र सिंह भाटी को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**बेधड़क** | जयपुर

बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवक रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। भाटी को धमकी देते हुए युवक ने कहा कि रविंद्र भाटी को जल्द ही खुलेआम मारेंगे। वीडियो सामने में आने के बाद बालोतरा पुलिस ने इस मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। बालोतरा जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगाई हुई हैं, जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्यशी रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी देता नजर आ रहा है। युवक ने करीब 1 मिनट 26 सेकंड का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में 'युवक ने कहा कि कुछ दिनों पहले एक वीडियो आया था। वह



कह रहा है कि लिखकर क्यों धमकी दे रहा है, खुलेआम धमकी क्यों नहीं दे रहा है। युवक आगे बोलते हुए कह रहा है कि मैं उसे बोलना चाहता हूं कि रविंद्र सिंह भाटी को खुलेआम मारेंगे, वो भी जल्द से जल्द। तुझे जो करना है, वो कर लेना। साथ ही युवक ने धार्मिक विषय को लेकर भी टिप्पणी की है'। भाटी के समर्थकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजस्थान पुलिस के हेल्प डेस्क को टैग कर शिकायत की है। पुलिस के हेल्प डेस्क टीम ने बालोतरा पुलिस को जांच करके आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बालोतरा पुलिस ने इसके जवाब में बताया कि धमकी देने वाले युवक की पुलिस टीम तलाश कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी 27 अप्रैल को फेसबुक पर मघाराम नाम के एक व्यक्ति ने रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी थी।

---


वाणिज्यिक पट्टा धारक ने रखा अपना पक्ष

# नियमानुसार लिया गया है भूखंड का शाश्वत लीज पट्टा: हेमंत गर्ग

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

बजरिया सब्जी मंडी स्थित नगर परिषद की लीज पर संचालित पेट्रोल पंप का शाश्वत लीज पट्टा प्रकरण को लेकर वाणिज्यिक पट्टा धारक ने अपना पक्ष रखते हुए नियमानुसार शाश्वत लीज पट्टा लिए जाने की बात कही है।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा दिया गया शाश्वत लीज पट्टा जिस उद्देश्य से दिया गया था उसके अनुसार वहां पेट्रोल पंप ही संचालित हो रहा है। राजस्थान स्वायत शासन विभाग ने 29 अगस्त 2019 को उक्त लीज डीड को सही जारी होना बताया है। जल अभाव अभियोग में दर्ज



Burmah-shell oil storage distributing co. of India Limited (Incorporated in England)

शिकायत को भी जांच के बाद कलेक्टर ने गलत माना। एसीबी में ब्लेकमेल करने की नियत से दर्ज शिकायत को विभाग ने जांच में झूठा पाया है। हाईकोर्ट ने लीज मामले में स्टे जारी कर रखा है। उन्होंने शाश्वत लीज पट्टा को लेकर कहीं भी नियमों की अनदेखी नहीं की है। पैट्रोल पंप संचालक हेमंत गर्ग ने बताया कि कुछ लोग उन्हें ब्लेकमेल करने के उद्देश्य से झूठी शिकायतें करते हैं। पेट्रोल पंप का शाश्वत लीज पट्टा पूरी तरह सही है।

---

7764 घरों में करवाया सर्वे, 55 घरों में मिले लार्वा

# डेंगू के केस मिलने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

बूंदी शहर में डेंगू के केस निकलने के बाद चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में घर घर सर्वे का कार्य करवाया गया और संभावित 4281 स्थानों पर डेंगू से बचाव के लिए टेमिफास तथा 2901 स्थानों पर एमएलओ का छिड़काव करवाया गया।

वहीं, डेंगू, मलेरिया, जीका, चिकनगुनिया के प्रभाव को रोकने के लिए चिकित्सा विभाग के कार्मिक घर-घर जाकर सर्वे के साथ आमजन से साफ-सफाई की अपील भी कर रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. सामर ने शहरी क्षेत्र में घर-घर सर्वे का आदेश दिया था। इसके तहत विभाग की टीम ने सर्वे किया। इसमें आशा, एएनएम नर्सिंग



विद्यार्थी शामिल थे। डॉ. सामर ने बताया कि डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा और उनकी टीम ने शहरी क्षेत्र में 7764 घरों का सर्वे किया।

इसमें 55 घरों में लार्वा एक्टिविटी पाई गई। टीम ने घरों के 8345 कूलरों में भरे पानी की जांच कर उन्हें खाली करवाया। एंटीलार्वा एक्टिविटी के तहत 7881 पानी की टंकियों की जांच करवाई गई, जिसमें 54 टंकियों में लार्वा मिलने पर उन्हें तुरंत खाली कराया गया। चिकित्सा विभाग की टीम ने 3485 परिंडे, 4191 गमले, टायर, और अन्य कबाड़ के 3423 पात्र खाली करवाए। सीएमएचओ ने बताया कि एंटीलार्वा एक्टिविटी के तहत शहर के 4281 स्थानों पर डेंगू से बचाव के लिए टेमिफास तथा 2901 स्थानों पर एमएलओ छिड़काव करवाया गया।

### ठहरा पानी खाली करने की अपील

सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. सामर ने घरों में ठहरा पानी नष्ट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि घरों में रुके हुए साफ पानी में मच्छरों का लार्वा पनपता है। यह लार्वा मच्छर बनकर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जीका सहित अनेक बीमारियां फैलाता है। हमें अपने घर से ही इस लार्वा को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें हर रविवार को आधे घंटे के लिए अपने घरों में जमा पानी को नष्ट करना है ताकि हमारा परिवार डेंगू-मलेरिया से सुरक्षित रह सके।

---

पुण्यतिथि पर शेखावत को श्रद्धासुमन अर्पित

# प्रदेश के लिए किए 'बाबोसा' के कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विद्याधर नगर स्थित समाधि स्थल पहुंचे। सीएम भजनलाल ने भैरोंसिंह शेखावत को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए 'बाबोसा' को याद किया।

सीएम शर्मा ने कहा तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे भैरोंसिंह शेखावत ने गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया। काम के बदले अनाज योजना ने गरीब के घर का चूल्हा जलाया। उन्हीं विचारों को लेकर हमारी सरकार भी



आगे काम करेगी। वहीं, भैरोंसिंह शेखावत को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, डिप्टी सीएम दीया कुमारी सहित प्रदेश के भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्याधर नगर स्थित समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे भैरोंसिंह शेखावत ने राजस्थान की आम जनता के लिए जितना काम किया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की सोच को इस देश के अंदर पहली बार अगर लागू करने वाले भैरोंसिंह शेखावत थे। उन्होंने 1977 में मुख्यमंत्री बनने के साथ काम के बदले अनाज योजना प्रारंभ की। सीएम शर्मा ने कहा कि शेखावत राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी खड़ा करने काम किया।

### लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थक थे शेखावत: राजे

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भैरोंसिंह शेखावत लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल समर्थक, समाज की अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सामाजिक उत्थान को समर्पित राजनीतिज्ञ थे। भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। बाबोसा ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल को संसदीय विचार-विमर्श के मानकों को बढ़ावा देने के प्रति संकल्पबद्धता के लिए याद किया जाता है। राजे ने कहा कि राजस्थान में भाजपा को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका रही थी। बाबोसा ने मेरे व्यक्तिगत जीवन पर भी एक अमिट छाप छोड़ी।

### प्रदेश की राजनीति में 'बाबो सा' का अतुलीय योगदान: पारीक

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि देश के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान में तीन बार मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित करने वाले स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शेखावाटी अचंल से निकल कर राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाले बाबोसा का राजस्थान की राजनीति में अहम योगदान रहा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान हवामहल



विधायक बाल मुकुंदाचार्य महाराज ने भी बाबोसा को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, कार्यालय के सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसौदिया, सोशल मीडिया संयोजक हिरेंद्र कोशिक, सह संयोजक अजय विजयवर्गीय सहित कई कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर बाबोसा को नमन किया।

## जरूरी खबर

### परकोटे से हटाए अतिक्रमण, चार ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम ने परकोटे में अभियान चलाते हुए बुधवार को सड़क और बरामदों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया है। इस संबंध में हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें सतर्कता शाखा ने कार्रवाई करते हुए बड़ी चौपड़, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट पर सडक, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थल से अस्थाई अतिकमण को हटाया और चार ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा कराया गया। उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि सतर्कता शाखा ने व्यापारियों से अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश भी की। शाखा आगे भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### हेरिटेज ने 102, ग्रेटर ने 463kg पॉलीथिन की जब्त

जयपुर। हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए बुधवार को 565 किलो पोलीथिन जब्त की। 102 किलो प्लास्टिक को जब्त किया है, साथ ही 31 हजार सौ रूपए कैरिंग चार्ज वसूल किया है। इस संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर बुधवार को अभियान के तहत निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए सूरजपोल मण्डी, रामगंज, गलता गेट और आगरा रोड क्षेत्र से 102 किलो प्लास्टिक को जब्त किया। ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन नगर निगम ग्रेटर के सातों जोनों में 463 किलों पॉलिथीन जब्त की गई एवं लगभग 2 लाख 12 हजार 300 रुपए का जुर्माना राशि वसूल की गई।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियों ने की मॉक ड्रिल

# विमान हाइजैक, 3 आतंकियों को मारकर यात्रियों को छुड़ाया

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ, एयरपोर्ट सिक्योरिटी और पुलिस की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में विमान हाईजैक करने वाले 3 आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही फ्लाइट में मौजूद सभी नागरिकों को सकुशल बाहर निकाल लिया। ऐसा सच में नहीं हुआ, बल्कि मॉक ड्रिल थी जो जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर बुधवार दोपहर की गई थी। मॉक ड्रिल में ढाका से दिल्ली जा रही वर्चुअल फ्लाइट को आतंकवादियों ने हाईजैक कर लिया। जिसमें 29 यात्रियों के साथ 1 कैप्टन और दो केबिन क्रू भी मौजूद थे। दोपहर 2:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट स्टाफ को पता चला तो फ्लाइट की जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इसके बाद सीआईएसएफ और एयरपोर्ट सिक्योरिटी की टीम ने मिलकर रनवे पर फ्लाइट को चारों ओर से घेर लिया।



### बातचीत में नहीं माने तो किया शूट

आतंकवादियों से बातचीत कर यात्रियों को फ्लाइट से बाहर निकालने की कोशिश की । संभव नहीं हो पाया तो सीआईएसएफ ने फ्लाइट में आतंकवादियों को मार गिराया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लगभग 1 घंटे बाद दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर यह पूरा ऑपेरशन खत्म हुआ।

### हर साल होती है 4 मॉक ड्रिल

देशभर के सभी एयरपोर्ट पर साल की चार मॉक ड्रिल करना अनिवार्य होता है। इनमें एंटी हाईजैकिंग, एंटी टेररिस्ट मॉक ड्रिल और एंटी फायर मॉक ड्रिल शामिल होती है। इसके तहत जयपुर एयरपोर्ट पर साल की दूसरी मॉक ड्रिल को अंजाम दिया गया था। बता दें कि जयपुर एयरपोर्ट देश के प्रमुख एयरपोर्ट में से एक है, जहां प्रतिदिन 50 से ज्यादा फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है। इससे पहले भी जयपुर एयरपोर्ट पर पिछले साल दिसंबर में मॉक ड्रिल की गई थी। इसमें टर्मिनल-1 पर चार आतंकियों ने किया हमला कर दिया था। वहीं टर्मिनल- 2 पर बम होने की सूचना मिली थी।

## OT के लिए फर्जी एनओसी मामले में हेल्थ मिनिस्टर ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# SMS के एडिशनल सुपरिटेंडेंट सस्पेंड, 3 डॉक्टरों को नोटिस

## उच्च स्तरीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, कई तथ्य उजागर

**बेधड़क** | जयपुर

ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में SMS हॉस्पिटल के एडिशनल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजेन्द्र बागड़ी को पद से सस्पेंड कर दिया है। डॉ. राजेंद्र बागड़ी, डॉ. अचल शर्मा और डॉ. राजीव बगरहट्टा को अनुशासनात्मक कार्रवाई का (16CCA) का नोटिस जारी किया है।

मामले को लेकर हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। चिकित्सा मंत्री ने खींवसर ने कहा कि मामला सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने भी आज अपनी रिपोर्ट दे दी है। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य हमारी जानकारी में आए हैं। प्रदेश में 15 अस्पतालों में ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया जा रहा था। इनमें 4 सरकारी एवं 11 प्राइवेट हॉस्पिटल हैं। फर्जी एनओसी का मामला सामने आने के बाद सरकार ने सभी अस्पतालों का रिकॉर्ड जांच के लिए अपनी निगरानी में ले लिया था।




### एक साल में 945 ऑर्गन ट्रांसप्लांट

ACS शुभ्रा सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि पिछले एक साल में करीब 945 ऑर्गन ट्रांसप्लांट हुए। इनमें से 82 सरकारी अस्पतालों में एवं 863 प्राइवेट हॉस्पिटल में हुए। इनमें से 933 का रिकॉर्ड उपलब्ध हो गया है। कुल 933 ऑर्गन ट्रांसप्लांट में से 882 किडनी और 51 लीवर के ट्रांसप्लांट थे। ट्रांसप्लांट के 269 केस ऐसे सामने आए, जिनमें डोनर और रिसीवर नजदीकी रिश्तेदार नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि एक साल में हुए कुल ट्रांसप्लांट में से 171 ट्रांसप्लांट विदेशी नागरिकों (करीब 18 प्रतिशत) के हुए। विदेशी नागरिकों के प्रत्यारोपण मुख्यतः चार अस्पतालों में हुए इनमें फोर्टिस अस्पताल में 103, ईएचसीसी में 34, मणिपाल हॉस्पिटल में 31 और महात्मा गांधी अस्पताल में 2 विदेशी नागरिकों के ट्रांसप्लांट हुए।

### क्या है पूरा मामला

एसीबी ने एक शिकायत के बाद 31 मार्च की देर रात SMS हॉस्पिटल में छापा मारकर वहां से फर्जी एनओसी के संबंध में दस्तावेज जब्त किए थे। इस दौरान एसीबी ने एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को लेनदेन करते रंगे हाथों पकड़ा था। टीम ने मौके से 70 हजार रुपए और 3 फर्जी एनओसी भी जब्त किए थे।

### फोर्टिस के दो डॉक्टर हुए गिरफ्तार

इनकी गिरफ्तारी से खुलासा हुआ था कि फोर्टिस हॉस्पिटल का को-ऑडिनेटर विनोद सिंह भी कुछ समय पहले पैसा देकर फर्जी सर्टिफिकेट लेकर गया था। एसीबी ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया था। बाद में जयपुर पुलिस ने इस केस में जांच शुरू कर दी थी। पुलिस इस मामले में फरार चल रहे मैड सफर के अन्य डायरेक्टर राज कमल व दलाल मोहम्मद मुर्तजा अंसारी को पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस मामले में पिछले दिनों पुलिस ने फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों संदीप गुप्ता और जितेन्द्र गोस्वामी को भी गिरफ्तार किया है।

### वीसी, प्रिंसिपल और अधीक्षक को देना पड़ा इस्तीफा

इस मामले में आरयूएचएस के वाइस चांसलर रहे डॉ. सुधीर भंडारी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा और एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा को अपने-अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# राज्यपाल ने शेखावत को अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार सायं पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पुण्य तिथि पर विद्याधर नगर स्थित उनके स्मृति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल मिश्र ने स्व. शेखावत की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्व. शेखावत से उनके निकट के संबंध रहे। वह जनप्रिय नेता ही नहीं थे, बल्कि मानवीय सरोकारों से ओतप्रोत सबको सहज अपना बना लेने वाले उदात्त व्यक्तित्व के धनी थे। 'बाबोसा' के रूप में वह सबके प्रिय थे।

# खंडेलवाल ढाबे पर छापा सड़ा-गला सामान नष्ट किया

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को सीकर रोड स्थित रेस्टोरेंट खंडेलवाल ढाबे पर छापा मारा। इस दौरान यहां गंदगी मिलने पर टीम ने रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस जारी किया है। निरीक्षण के दौरान ओल्ड और नए खंडेलवाल ढाबे पर गंदगी मिली। ओरिजिनल ओल्ड ढाबा पर बहुत ही गंभीर स्थिति पाई गई और बहुत सारी खाद्य सामग्री सड़ी हुई मिली, जिसको नष्ट कराया गया। ढाबे पर सलाद बिल्कुल खराब हो चुकी थी। खाने में बार-बार एक ही तेल प्रयोग किया जा रहा था। बेसन गट्टा, ग्रेवी, बेसन की मिर्च यह सब नष्ट कराए गए। इसके अलावा कर्मचारियों के मेडिकल नहीं पाए गए। गंदगी और अनियमितता मिलने के बाद दोनों ढाबा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

## हेरिटेज निगम करेगा केंद्र का संचालन

# अब सामुदायिक केंद्र की ऑनलाइन होगी बुकिंग

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम ने निगम क्षेत्र में आने वाले सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग ऑनलाइन शुरू की है। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश के बाद हेरिटेज निगम क्षेत्र में स्थित सामुदायिक केंद्र का संचालन निगम की ओर से ही किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को आदर्श नगर जोन में संचालित 18 सामुदायिक केंद्र पर आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा और सिविल लाइन जोन उपायुक्त दलीप पूनिया छह सामुदायिक केंद्र के निरीक्षण करने पहुंचे। इस संबंध में हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम क्षेत्र में चल रहे सामुदायिक केंद्र में किए जाने वाले आयोजन की ऑनलाइन बुकिंग होगी। इसके लिए आयोजनकर्ता सामुदायिक केंद्र की अपनी एसएसओ आईडी या ई-मित्र के जरिए स्वायत्त शासन विभाग की ऑनलाइन सर्विसेज ऑप्शन में जाकर बुकिंग कर सकता है। निगम आयुक्त सुराणा ने बताया कि इस दौरान आदर्श नगर जोन में दो सामुदायिक केंद्र ऋषि गालव नगर और अम्बेडकर भवन की अग्रिम बुकिंग होने पर बुधवार को आयोजनकर्ता को नियमानुसार आयोजन की अनुमति दी। इस दौरान आयोजनकर्ता से सफाई शुल्क और बिजली वहन का खर्चा लिया गया।



## छोटे सरकारी अस्पतालों में 5-5 और बड़ों में 10-10 पौधे लगाए जाएंगे

# इंसानों के साथ अब एनवायर्नमेंट की भी हेल्थ सुधारेगा स्वास्थ्य डिपार्टमेंट

**बेधड़क** | जयपुर

इंसानों का स्वास्थ्य सुधारने वाला हेल्थ डिपार्टमेंट अब पर्यावरण की भी हेल्थ को सुधारेगा। इसके लिए विभाग ने मानसून के दौरान पूरे प्रदेश में 1 लाख पौधे लगाएगा। विभाग न केवल इन पौधों को लगाएगा बल्कि अगले साफ फरवरी तक हर एक-एक पौधे की प्रगति का रिव्यू भी करेगा। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर विभाग की ओर से जुलाई में 'हरि-वन वृक्षारोपण अभियान' चलाया जाएगा।

एसीएस ने बताया कि इस अभियान में प्रदेश के हर सरकारी हॉस्पिटल की बिल्डिंग परिसर और मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट से संबंधित भवन परिसर में ये एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। एसीएस ने बताया कि ये अभियान 1 जुलाई को मानसून सत्र के शुरू होने के साथ किया जाएगा। 31 जुलाई तक हर हॉस्पिटल के प्रभारी को अपने-अपने हॉस्पिटल परिसर में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप पौधे लगाकर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भिजवानी होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) परिसर में 5-5 जबकि इससे ऊपर के स्तर के हॉस्पिटल जैसे उप जिला, जिला, सैटेलाइट हॉस्पिटल में 10-10 पौधे लगाने होंगे। इस अभियान में छोटे या सजावटी पौधे न लगाकर छायादार और फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया जाएगा। इसमें नींबू, आंवला, बील, जामुन, अमरूद, अनार, आम, सीताफल, इमली, चीकू, शहतूत, संतरा, नाशपती जैसे फलदार पौधों के अलावा नीम, मीठा नीम, पीपल, गुलमोहर, करंज, सहजन, खेजड़ी जैसे छायादार पौधे भी लगाए जा सकते हैं।

इन पौधों को लगाने के बाद कम से कम 5 साल तक इसका रखरखाव करना होगा। बाकायदा फरवरी 2025 तक हर तीन महीने 1 अगस्त, 1 नवंबर 2024 और 3 फरवरी 2025 को चिकित्सा प्रभारी को इन पौधों की प्रगति की रिपोर्ट भी मुख्यालय भिजवानी होगी।





## अन्य कंपनियों की तर्ज पर मार्केट में उतरेगी जयपुर डेयरी

# सरस लाएगी शुगर फ्री आइस्क्रीम, रेहड़ी पर भी बिकेगी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर डेयरी ने शुगर फ्री आइसक्रीम बाजार में लाने की तैयारी की है। जून के पहले सप्ताह तक शुगर फ्री आईसक्रीम बाजार में उपलब्ध होने लगेगी। फिलहाल ये जयपुर शहरी सीमा में ही मिलेगी।

जयपुर जिला दुग्ध सहकारी संघ लि. (जयपुर डेयरी) वनीला फ्लेवर में ये आइसक्रीम बाजार में लांच करेगी। कप में मिलने वाली इस आईसक्रीम (90ML) की कीमत बाजार में 25 से 27 रुपए के बीच रखी जाएगी। जयपुर में सरस पार्लर के अलावा इन्हें शॉप एजेंसियों और बूथों पर भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा जयपुर डेयरी ने अपनी आइसक्रीम को अब रेहड़ी वालों के जरिए भी बेचने का निर्णय किया है। अमूल, वाडीलाल समेत अन्य कंपनियों जिस तरह रेहड़ियां पर अपने उत्पाद बेचती है। उसी तर्ज पर जयपुर डेयरी ने भी इस तरह बिक्री करेगी। आपको बता दें कि वर्तमान में जयपुर डेयरी के सरस पार्लर पर कप के अलावा फैमिली पैक और कॉन आइसक्रीम बिकती है। इसमें सबसे ज्यादा बिक्री कॉन आइसक्रीम की होती है।




### बाजार में दो नए फ्लेवर भी उतारेगी

जयपुर डेयरी यानी सरस का वर्तमान में केवल वनीला और मैंगो फ्लेवर का ही कप ही बाजार में मिलता है। अगले महीने से सरस ने अमेरिकन नट्स और स्ट्रॉबैरी फ्लेवर की आईसक्रीम भी बाजार में लांच करने का निर्णय किया है।

### 15 हजार लीटर से ज्यादा की खपत

सरस की आइसक्रीम की जयपुर में पूरे सीजन के दौरान 15 हजार लीटर की खपत होती है। लेकिन इस बार जबरदस्त मांग होने के कारण अप्रैल के महीने में ही 14 हजार लीटर से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है।

## हेरिटेज निगम ने 3 अवैध निर्माण सीज किए

# जेडीए ने लालकोठी में की 3 मंजिला अवैध बिल्डिंग सील

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने जोन-3 में लालकोठी योजना में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग सील की गई।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन ने महेन्द्र कुमार शर्मा बताया कि निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने के लिए पाबंद किया गया था, परंतु नहीं हटाया गया। इस पर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर बुधवार को उक्त 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेटों, शटर पर ताले, सील, चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-03, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। उधर, हेरिटेज नगर निगम ने आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने जोहरी बाजार स्थित केजीबी का रास्ता और ठाकुर पचेवर के रास्ते में हो रहे तीन अवैध निर्माणों को सीज किया है।

## जरूरी खबर

### पालना गृह में नवजात को छोड़ा, SNCU वार्ड में भर्ती



**पाली।** बांगड़ अस्पताल के पालना गृह में बुधवार को सुबह कोई नवजात शिशु को छोड़ गया। उसे अस्पताल में भर्ती कर अस्पताल प्रशासन ने बाल कल्याण समिति को इस घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार बच्चे का जन्म करीब 2 दिन पहले हुआ हैं। इस पर लगे अस्पताल के टैग से पता चलता है कि उसका जन्म अस्पताल में ही हुआ है। नवजात का जन्म 8 माह में ही होने के कारण एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। वैसे नवजात की स्थिति सामान्य है।

### 8 माह की मासूम को गर्म सलाखों से दागा, हालत गंभीर

**भीलवाड़ा।** जिले में आठ माह की मासूम को गर्म सलाखों से दागने का मामला सामने आया है। जिला महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा चंद्रकला ओझा ने बताया कि महात्मा गांधी अस्पताल में 8 माह की मासूम को गर्म सलाखों के दागने की सूचना मिली है। इसके बाद मौके पर पहुंचने पर डॉक्टर से बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई। अस्पताल के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ ने कहा कि चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना क्षेत्र निवासी आठ माह की बच्ची को आईसीयू में भर्ती किया गया है। इस बच्ची को सांस लेने में तकलीफ थी। आशंका है कि उसे अंधविश्वास के चलते यह डाम लगाया है। बच्ची की हालत गंभीर है।

### भगवान चित्रगुप्त के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



**सिरोही।** कायस्थ समाज की ओर से भगवान चित्रगुप्त का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर मानपुर में महंत जनकपुरी महाराज के सानिध्य में समाजबंधुओं ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद दोपहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामजी मंदिर से शुरू हुई जो मुख्य बाजार एवं विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए प्रसादीलाल धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष परसाई एवं नगरपालिका अध्यक्ष मगनदान चारण की अगुवाई में कार्यकर्ताओं द्वारा माला शॉल एवं पुष्प वर्षा कर के कायस्थ समाजबंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

---

खेतों और जंगलों में बने जलस्रोत सूखने से ऊंट और अन्य पशु पालकों के सामने गहराया संकट

# ताल-तलैया सूखे, गर्मी में प्यास से अकुलाया रेगिस्तान का जहाज

**बेधड़क** | जैसलमेर



रेगिस्तान का जहाज ऊंट इन दिनों प्यासा है। जिले के देगराय ओरण क्षेत्र में ज्यादा संकट है। इस ओरण क्षेत्र के 35 में से 32 तालाब सूख चुके हैं। शेष तीन तालाब भी सूखने की कगार पर है। इस वजह से ओरण के 5 हजार ऊंटों के सामने पेयजल संकट गहरा गया है।

जिले में करीब 35 हजार से ज्यादा ऊंट है, जिसमें से 5 हजार अकेले देगराय ओरण में रहते हैं। यहां के 35 में से तीन तालाब सुतराड़ी-पड़ियाड़ी व साबड़ासर में ही पानी है। इसमें भी सुतराड़ी में 10 दिन का, पड़ियाड़ी 15 दिन का और साबड़ासर में करीब डेढ़ माह का पानी बचा है। अब ऊंटपालक चिंतित है कि इस भीषण गर्मी में 5 हजार ऊंटों की प्यास कैसे बुझ पाएगी। पशुपालक उतमाराम ने बताया कि देगराय ओरण जिले का सबसे बड़ा ओरण क्षेत्र है। इस ओरण में ऊंटों के अलावा 50 हजार से अधिक भेड़ बकरी और 6 हजार से ज्यादा गायें हैं। ये पशु भी इन तीन तालाबों पर निर्भर है। इन तालाबों के सूखने पर इनके सामने भी पेयजल संकट गहरा जाएगा।

#### एक बार में 150 लीटर पीता है पानी

राज्य पशु ऊंट रेगिस्तान की पारिस्थिति के हिसाब से जीवन यापन कर लेता है। यह कम पानी में जीवित रह सकता है। सर्दी में तीन दिनों में एक बार और गर्मी में एक दिन में एक बार पानी पीता है। गर्मी के मौसम में एक बार में ऊंट करीब 150 लीटर तक पानी पी लेता है।

#### दस हजार हेक्टयर में फैला है देगराय ओरण, परिधि में आते हैं करीब 10 गांव

जैसलमेर ओरण क्षेत्र करीब 10 हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है। इस परिधि में करीब 10 गांव आते हैं। ऐसे में सभी में पानी की समस्या नासूर बन चुकी है। इन दिनों गांवों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। ऐसे में पशुपालक उनको पानी पिलाने में सक्षम ही नहीं है। ओरण के 35 तालाब ही वर्षों से इन ऊंटों की प्यास बुझाते आ रहे हैं। तालाब सूख जाने पर अब तीन तालाबों पर 10 से 15 किमी का सफर तय करके ऊंट अपनी प्यास बुझाने आ रहे हैं।

#### देवीकोट इलाके में कम बरसा पानी

35 तालाबों में से अधिकांश तालाब 6 माह में सूख जाते हैं, लेकिन 7 से 8 तालाबों में गर्मी के दिनों में पानी रहता है। गत बार देवीकोट रेनगेज इलाके में केवल 88 एमएम बारिश ही हुई। इस रेनगेज से ही इन तालाबों में पानी की आवक होती है, लेकिन इस बार वह बहुत कम हुई। इस वजह से इस बार 32 तालाब अप्रैल में ही सूख गए।

---

दो करोड़ रुपए बकाया होने पर कार्रवाई करने पहुंचे थे कार्मिक

# ट्रांसफार्मर उतारने गई टीम पर पथराव, आंसू गैस के गोले दागे

**बेधड़क** | धौलपुर

प्रदेश में बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। आग उगलती गर्मी से लोग हलकान है। इस बीच कई इलाकों में जल संकट और बिजली कटौती की समस्या भी गहरी हो गई है, लेकिन भीषण गर्मी के बीच एक हैरान करने वाली खबर धौलपुर जिले से सामने आई है। जहां के दो गांवों पर बिजली विभाग का दो करोड़ रुपए बकाया होने पर बुधवार को उस समय बड़ा हंगामा हो गया जब विभागीय टीम ट्रांसफार्मर जब्त करने पहुंची।

बिजली निगम और पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया और जमकर पथराव किया। इस कारण धौलपुर के बड़ागांव और सिंगरौली में भारी तादाद में पुलिस जवान तैनात किए गए। ग्रामीणों के पथराव के बाद पुलिस की ओर से भी आंसू गैस के गोले दागे गए। दरअसल मामला धौलपुर के मनिया थाना क्षेत्र के सिंगरौली गांव का है, जहां ट्रांसफार्मर को जब्त करने गई पुलिस एवं डिस्कॉम की टीम पर ग्रामीणों ने लामबंद होकर पर पथराव और हमला कर दिया। पुलिस की ओर से ग्रामीणों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गले दागे। हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। बिजली निगम ने पुलिस के सहयोग से एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर को जब्त किया है। विद्युत निगम की 2 करोड़ से अधिक की राशि ग्रामीणों पर बकाया चली आ रही थी।



#### विद्युत निगम अधिकारियों के 4 साल से बकाया राशि वसूली के प्रयास विफल

विद्युत निगम के एईएन अनुराग मित्तल ने बताया मनिया क्षेत्र के बड़ागांव एवं सिंगरौली में ग्रामिणों पर विद्युत निगम की दो करोड़ से अधिक की राशि बकाया चली आ रही थी। विगत 4 साल से विद्युत निगम के अधिकारी राशि को वसूलने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों द्वारा निगम की राशि को जमा नहीं कराया जा रहा था। विद्युत निगम द्वारा ग्रामीणों को नोटिस जारी कर हिदायत भी दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने राशि को जमा नहीं कराया। डिफाल्टर उपभोक्ताओं में घरेलू एवं खेती के भी शामिल हैं। बुधवार को सैपऊ सीओ आनंद कुमार राव एवं मनिया सीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में डिस्कॉम के आला अधिकारियों को साथ लेकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान डिस्कॉम एवं पुलिस ने एक दर्जन से अधिक बिजली के ट्रांसफार्मर को जब्त किया है।

#### आधा घंटे ग्रामीण और पुलिस आमने-सामने

बड़गांव में ट्रांसफार्मरों को जब्त कर पुलिस और डिस्कॉम की टीम दूसरे गांव सिंगरौली पहुंच गई। सिंगरौली गांव के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर उतारने का विरोध किया। इसी दौरान पुलिस और ग्रामीणों में विरोध पैदा हो गया और ग्रामीणों ने लामबंद होकर पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। करीब आधा घंटा तक ग्रामीण और पुलिस आमने-सामने हो गए। पुलिस द्वारा भी ग्रामीणों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। भारी पुलिस बल होने की वजह से ग्रामीण भाग गए। मौके से कुछ ग्रामीणों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है।

#### राजनेताओं का मिलता रहा संरक्षण

बड़ागांव एवं सिंगरौली के ग्रामीणों पर करीब 4 साल से विद्युत निगम की दो करोड़ से अधिक की भारी भरकम राशि बकाया चली जा रही है। विद्युत निगम द्वारा राशि जमा कराने के पूर्व में भी प्रयास किए गए थे। लेकिन राजनेताओं के दखल की वजह से डिफाल्टर उपभोक्ता बिल जमा नहीं करा रहे थे। राजनीतिक प्रेशर की वजह से हर बार डिस्कॉम के अधिकारियों को निराशा हाथ लगती थी।

---

अवैध संबंध के खुलासे का था डर

## दसवीं की छात्रा को प्रेमी संग मिलकर भाभी ने ही उतारा था मौत के घाट



**बेधड़क** | कोटा

शहर के महावीर नगर थाना इलाके में मंगलवार को 10वीं कक्षा की नाबालिक लड़की की गला रेत कर हत्या के मामले में बुधवार को पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मृतका की भाभी और उसके प्रेमी ने मिलकर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी भाभी को निरुद्ध किया है, क्योंकि वो भी नाबालिग है। वहीं, उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मृतका की भाभी का शादी के पहले से झालावाड़ निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घर पर कोई नहीं होने पर प्रेमी झालावाड़ से कोटा पहुंच जाता था और दोनों एक साथ रहते थे। इस बात की जानकारी उसकी ननद को लग गई थी। ऐसे में नाबालिग भाभी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ननद को मौत के घाट उतार दिया। दोनों लंबे समय से इस हत्याकांड साजिश रच रहे थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर को भी आरोपी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था। उस समय लड़की अपने कमरे में सो रही थी। मौका पाकर दोनों ने चाकू से गला रेतकर नाबालिग की हत्या कर दी। घटना करीब तीन बजे की है। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। शाम 4 बजे उसका देवर और सास घर पर आए तो हालात देखकर चौंक गए। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर शाम को पहुंची। पुलिस ने रात 11 बजे भाभी को डिटेन कर थाने पर ले जाकर पूछताछ की तब मामले का खुलासा हुआ। आरोपी भाभी की शादी बीते साल 2023 नवंबर में हुई थी। वहीं, छात्रा की शादी भी उसकी भाभी के गांव में ही तय हो गई थी। भाभी को लगता था कि ननद को उसके और प्रेमी के संबंध के बारे में जानकारी मिल जाएगी। इसके चलते हत्या की साजिश रची।

---

परिवादी से आरोपी पहले ही ले चुका था एक हजार रुपए

## एसीबी टीम ने पटवारी को दो हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी पटवारी सरदार सिंह राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण की एवज में परिवादी से रिश्वत की मांग कर रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने बुधवार को ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। अजमेर एसीबी के डीआईजी रणधीर सिंह ने बताया कि अजमेर एसीबी यूनिट को परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि अराई की गागुंदा तहसील के पटवारी सरदार सिंह द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण की एवज में 3 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एएसपी राकेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे शिकायत का सत्यापन कर ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया और आरोपी पटवारी को 2 हजार रूपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी द्वारा सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 1 हजार रुपए की रिश्वत वसूल कर चुका है। एसीबी के डीआईजी रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी पटवारी के आवास सहित अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। मामले में एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है ।



---

होटल में खाद्य निरीक्षण टीम ने की छापेमारी, गंदगी का दिखा अंबार

## एक ही जगह बन रहा था वेज और नॉनवेज

**बेधड़क** | टोंक

जिले की होटल शीतल में बुधवार को खाद्य निरीक्षक टीम ने औचक छापेमारी कर कार्रवाई की। इस दौरान में होटल की रसोई में होटल प्रबंधकों द्वारा आमजन की धार्मिक भावनों से खिलवाड़ तो किया ही जा रहा था साथ ही नियम कायदों का भी मखौल बना रखा था।

खाद्य निरीक्षक सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि जब टीम ने होटल की रसोई का औचक निरीक्षण किया तो वेज और नॉनवेज एक ही जगह रखा हुआ था। साथ ही रसोई में गंदगी भी फैली हुई थी। इतना ही नहीं होटल में ड्रेस कोड की भी पालना नहीं किया जा रहा था। हद तो तब हुई जब होटल मालिक ने साल 2019 से अब तक खाद्य अनुज्ञा पत्र भी नहीं बनवा रखा था। खाद्य निरीक्षक सत्यनारायण ने बताया कि होटल के स्टॉफ का न तो मेडिकल चेकअप करवा रखा था और ना ही यहां सप्लाई किए जा रहे पानी की शुद्धता प्रमाण पत्र बनवा रखा था। होटल प्रबंधक द्वारा बरती जा रही यह लापरवाही राजस्थान में अब तक की सबसे बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। इस लापरवाही को लेकर आला अधिकारियों को रिपोर्ट दी गई है। पूरे होटल का निरीक्षण कर सर्वे रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों को भेजी जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।



---

मुठभेड़ में गोली लगने से हुआ घायल

# यूपी और राजस्थान पुलिस के लिए सिरदर्द बना डकैत 'रज्जो' गिरफ्तार

**बेधड़क** | धौलपुर

राजस्थान और उत्तर प्रदेश पुलिस का वांटेड डकैत रज्जो उर्फ राजवीर पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। मंगलवार रात को पुलिस और डकैत के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान कई राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल होने के बाद पुलिस ने डकैत रज्जों को दबोच लिया। फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसका इलाज जारी है।

बता दें कि राजवीर धौलपुर जिले में बदमाशों की सूची में नंबर-2 पर काबिज है। उसके खिलाफ धौलपुर और आगरा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उस पर 45 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ है। वह छिंगा का अड्डा अतिराजपुरा का रहने वाला है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि डकैत रज्जो अपने दो साथियों के साथ बाइक से भरतपुर के गढी बजाना से धौलपुर की ओर आ रहा है। सूचना पर आरएसी कमांडो की टीम के साथ पुलिस ने बसेड़ी थाना क्षेत्र में पिपरोन पुलिया पर घेराबंदी शुरू कर दी। डकैत और उसके साथी पुलिस को देखकर घबरा गए, जिससे उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इस बीच डकैत ने बचने के लिए सात राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान आरएसी कमांडो रूपेंद्र और पुलिस कांस्टेबल अशोक मीणा के सिर के ऊपर से गोली निकल गई। इसके जवाब में कांस्टेबल अशोक मीणा ने अपनी एके-47 से 5 राउंड फायरिंग की, जिसकी एक गोली बदमाश की जांघ में लग गई। इसके बाद कमांडो और कांस्टेबल ने डकैत पर काबू पा लिया। वहीं उसके दो साथी भागने में कामयाब रहे। मंगलवार रात को हुई इस मुठभेड़ के बाद पुलिस और आरएसी की टीम घायल डकैत को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों की देखरेख में डकैत का इलाज किया जा रहा है।



#### हथियार की नोक पर करता था लूटपाट

इनामी डकैत राजवीर पर धौलपुर और उत्तर प्रदेश के आगरा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डकैत राजवीर हथियार की नोक पर चोरी, नकबजनी और लूट की वारदात को अंजाम देता था। धौलपुर पुलिस ने उस पर 25 हजार और आगरा पुलिस ने 20 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। डकैत राजवीर धौलपुर जिले के टॉप 3 बदमाशों की सूची में दूसरे नंबर पर शामिल है। धौलपुर जिले में टॉप 10 डकैत गिरोह का सफाया करने के लिए पुलिस के अलावा आरएसी कमांडो की भी टीम तैयार की गई है। टीम को कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गुर्जर को गिरफ्तार करने का टास्क दिया गया है। इसी दौरान टीम को डकैत राजवीर के आने की सूचना मिली थी, जिससे उनकी मुठभेड़ हो गई।

#### देसी कट्टा और 11 कारतूस जब्त

मुठभेड़ के बाद कमांडो रूपेंद्र और कांस्टेबल अशोक मीणा ने डकैत राजवीर को घायल हालत में मौके पर ही दबोच लिया। उसकी तलाशी ली गई तो पुलिस को 315 बोर का लोडेड देसी कट्टा और 11 कारतूस मिले। इसको लेकर डकैत के खिलाफ आर्म्स एक्ट में भी मामला दर्ज किया गया है।

#### आरएसी कमांडो के डीएसटी इंचार्ज ने कराया मामला दर्ज

मुठभेड़ के बाद आरएसी कमांडो की टीम घायल डकैत को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। इसके बाद देर रात को आरएसी कमांडो के डीएसटी इंचार्ज हेड कांस्टेबल नीरज शर्मा ने बसेड़ी थाने में घटना को लेकर मामला दर्ज कराया है। जिस मामले में डकैत के खिलाफ जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट की धाराएं लगाई गई है।

## 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में शुरू हुए ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर

# 5 वर्ष से 80 वर्ष तक के 4000 शिविरार्थी हो रहे लाभान्वित

### श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर, संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति का आयोजन

**बेधड़क** | जयपुर

श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर, संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरों पर आयोजित हो रहे 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का धूमधाम से शुभारम्भ हुआ। इन शिविरों में जैन धर्म की प्रारंभिक शिक्षा के साथ साथ धर्म की गूढ़ जानकारी भी दी जाएगी। संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री शीला डोड्या ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन जयपुर के 46 मंदिरों में 30 मई तक चलेगा। निर्देशिका डॉ. वन्दना जैन ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के सहयोग से आचार्य विद्या सागर महाराज की उत्कृष्ट त्याग तपस्या को समर्पित उपकार महोत्सव के रूप में इन ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



### संस्कारों की एबीसीडी में जानें, ए फॉर आदिनाथ-आचार्य शशांक सागर

इधर, जनकपुरी ज्योति नगर में श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार को संयम भवन में हुआ। यहां केसरिया दुपट्टे, सिर पर टोपी, गुरु का सान्निध्य, रंगीन गुब्बारों से सजा हाल जैसे माहौल में सीखने-सिखाने की ललक हर ओर दिखाई दे रही थी। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि संस्थान से आई विदुषियों- नैंसी, प्रिंसी, आराध्या व सौम्या के नमोकार व वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन महेश नीना काला ने किया तथा मंगलाचरण निकिता, प्रियंका, रूबल, कणिका व प्रिया द्वारा किया गया। विदुषियों का परिचय बालिका महाविद्यालय की ट्रस्टी दीपिका जैन बिलाला ने दिया। संस्थान के ही प्रदीप जैन शास्त्री ने शिविर की आवश्यकता और उद्देश्य के बारे में बताया। वरिष्ठ विद्यार्थी जे के जैन व सभी का सम्मान संयोजक सुरेश शाह राजेंद्र ठोलिया, अनीता बिंदायका, मिश्री लाल काला आदि द्वारा किया गया। शिविर में पहले दिन से बाल संस्कार, सिद्धांत प्रवेशिका, इष्टोपदेश, द्रव्य संग्रह व छहढाला की कक्षाएं शुरू की गई, जिनमें आठ से अस्सी साल के एक सौ से भी अधिक शिविरार्थियों ने स्वाध्याय शुरू किया।



### विदुषियों को तिलक लगा, दुपट्टा पहना भेजा शिविरों में

उपाध्यक्ष नीना पहाड़िया ने बताया कि श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के विद्वान एवं संत सुधा सागर महिला महाविद्यालय की विदुषी बहनों द्वारा पूजन प्रशिक्षण ,जैन धर्म शिक्षा भाग 1-2, छह ढाला, तत्वार्थ सूत्र, भक्तामर स्तोत्र 'द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, रत्नकरण्डक श्रावकाचार आदि का पाठन-पठन-मनन व व्याख्या एवं अनेक धार्मिक गति विधियों द्वारा जैन धर्म का शिक्षण दिया जाएगा। इन शिविरों में 5 वर्ष से 80 वर्ष तक के लगभग 4000 बालक बालिकाएं, महिला पुरुष लाभान्वित होंगे। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया ने बताया इन शिविरों के लिए डॉ.वन्दना जैन एवं नीना पहाड़िया ने विदुषियों के तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर शिविर स्थलों के लिए विदा किया। उन्होंने बताया कि अधिकतर बालिकाएं स्थानीय परिवारों में रह कर प्रशिक्षण देंगी। कुछ बालिकाएं प्रतिदिन आना-जाना करेंगी। नीना पहाड़िया के मुताबिक इन शिविरों में पढ़ाए गए विषयों की स्थानीय परीक्षा होगी। उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। हर मंदिर से हर विषय में प्रथम आने वाले प्रशिक्षणार्थियों की पुनः परीक्षा पं. रतन लाल बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार के लिए संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय में होगी। जिसका पुरस्कार 2100/- व शील्ड संस्थान द्वारा दी जाएगी । अधिकतम प्रशिक्षणार्थियों की संख्या, अधिक विषयों का पाठन के आधार पर तीन श्रेष्ठ मंदिरों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक शिविर स्थल पर आचार्य विद्या सागर महाराज के जीवन से संबंधित विषयों अथवा संस्मरणों पर 10 मिनट की प्रस्तुति दी जाएगी। श्रेष्ठ प्रस्तुति को पुरस्कृत किया जाएगा ।

## Yuva स्टोरीज

### चार सरकारी स्कूलों को मणिपाल ने दी आधुनिक कंप्यूटर लैब की सौगात

**बेधड़क** | जयपुर

सीएसआर पहल के तहत जयपुर जिले के चार गांवों के स्कूलों में बच्चों को बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मणिपाल फाउंडेशन और मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) द्वारा चार उन्नत कंप्यूटर प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं। महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, दहमी कलां; महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, बेगस; महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, ठीकरिया और राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, सांझरिया में ये सभी लैब बनाए गए। इन स्कूलों में बुधवार को स्थापित कंप्यूटर लैब के शुभारंभ के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बेगस और दहमी कलां में प्रयोगशालाओं का आधिकारिक उद्घाटन मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के प्रेसिडेंट डॉ. गोपालकृष्ण प्रभु और मणिपाल फाउंडेशन के सीईओ श्री हरिनारायण शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एमयूजे के प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. जवाहर मल जांगिड़, एमयूजे की रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर, मानव संसाधन प्रमुख एम. एस. श्रीधर और छात्र कल्याण निदेशक डॉ.अनिल दत्त व्यास उपस्थित थे। बेगस की स्कूल में स्थानीय सरपंच देव नारायण वर्मा और ब्लाक शिक्षा अधिकारी गोवर्द्धन सिंह देवत उपस्थित थे। महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, दहमी कलां में इस अवसर पर स्थानीय सरपंच, सीबीईओ राजेन्द्र बंसल और डीईओ देवी शंकर भी उपस्थित थे।

### श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थी सम्मानित



**बेधड़क** | जयपुर

सीबीएसई के दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणामों में श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता साबित करते हुए शत प्रतिशत परिणाम दिया है। प्रिंसीपल मनीषा सिंह ने बताया कि 12वीं विज्ञान वर्ग में छात्रा अक्षिता श्रीवास्तव ने 96.60, कुमकुम शर्मा 96.20, कनिका कंवर राठौड़ 94.80, कला वर्ग में सुरभि सिंह 96, रूद्रप्रताप सिंह, 95.40 वाणिज्य वर्ग में हर्षदत्त रावल 91.80, योपेश चैधरी 90.60, पारूल कुमावत 89 प्रतिशत एवं 10वीं कक्षा में छात्रा अंशिका वर्मा 95.20, यज्ञ भाटी 88.80, आयुष श्रीवास्तव 88.40, हर्षवर्धन सिंह 87.40 प्रतिशत अधिकतम अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय का गत वर्षों से 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहता आ रहा है। श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह नांगल एवं सचिव गुलाब सिंह मेड़तिया ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए प्रिंसीपल और टीचरों का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में राजस्थान का पहला मेट्रोपोलिटिन सैनिक स्कूल सत्र 2024-25 से प्रारम्भ हो गया है, जिसमें प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की काउन्सलिंग चल रही है।

## सन टू ह्यूमन फाउंडेशन का विशेष डेमो शिविर

# आहार-व्यायाम सही तो ही स्वस्थ रहेंगे: भक्ति मां

- जिला न्यायालय के सतीश चंद्र अग्रवाल सभागार में हुआ आयोजन
- न्याय क्षेत्र से जुड़े तमाम लोगों ने भाग लिया व मुख्य शिविर के लिए करवाया रजिस्ट्रेशन

**बेधड़क** | जयपुर

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की और सेशन कोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के सहयोग से एक डेमो शिविर का आयोजन जिला न्यायालय में सतीश चंद्र अग्रवाल सभागार में किया गया। इस डेमो शिविर में एडवोकेट्स तथा न्यायिक अधिकारी एवं कोर्ट के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया सेजवानी, इंदौर से यहां पहुंची परमालय की प्रमुख शिष्य सहजोबाई एवं भक्ति मां ने बताया आज हम हर भौतिक चीज के बारे में बहुत अच्छे से जानते हैं और उसके बारे में जानकारी रखते हैं, लेकिन यह शरीर जो हमें चला रहा है, उसके बारे में हम कुछ नहीं जानते। शरीर का फ्यूल क्या होना चाहिए, हमें नहीं पता हमें जो मिल जाता है हम खा लेते हैं हमें किस समय अल्कलाइन भोजन करना है किस समय एसिडिक भोजन करना है हम इस बारे में कोई जानकारी नहीं रखते। उन्होंने बताया यदि हमारा हमारा आहार सही होगा तो हम सही तरह से व्यायाम कर पाएंगे और सही नींद या सही ध्यान कर पाएंगे।



### लोगों को निरोगी करने का उद्देश्य

संजय माहेश्वरी तथा नरेंद्र वैद्य ने बताया कि वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा योग एवं स्वास्थ्य शिविरों को बहुत प्रोत्साहन दिया जा रहा है, ताकि आम आदमी निरोगी रह कर आनंदमय जीवन व्यतीत कर सके। इसी भावना से जयपुर में यह शिविर सर्वसमाज के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिससे यहां के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें। कोई भी व्यक्ति कोई भी संस्था कोई भी सोसाइटी अपने कॉलोनी में ऑफिस में बिल्डिंग में निशुल्क डेमो का आयोजन करवा सकती है। संयोजक संजय माहेश्वरी ने बताया कि अब तक लगभग 12 000 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य गया है। रजिस्ट्रेशन 22 तारीख को बंद कर दिया जाएंगे। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया ने बताया कि इस शिविर में लगभग 30,000 हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है।

### यह होगा 28 से लगने वाले मुख्य शिविर में

आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी, नरेंद्र वैद्य, विवेक लड्ढा, कमल सोमानी एवं अजय मित्तल ने बताया शिविर के प्रथम तीन दिन शरीर पर काम होगा तथा शरीर की शक्तियों को एवं ब्रेन की शक्तियों को जगाया जाएगा। शिविर में बाद के 3 दिन पूज्य परम वाले जी द्वारा म न तथा चेतना पर काम होगा एवं प्रश्न उत्तर सेशन होगा, जिसमें परमआलय लोगों के जिज्ञासा एवं प्रश्नों का जवाब देंगे। सन ह्यूमन के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि जयपुर में 11 वां शिविर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रणेता परमआलय के सान्निध्य में 28 मई से 2 जून तक प्रतिदिन सवेरे 6 से 8.30 बजे तक सीकर रोड पर स्थित भवानी निकेतन विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। फाउंडेशन की ओर से देश-विदेश में अब तक ऐसे 300 से अधिक निशुल्क शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लोगों को सही आहार, सही व्यायाम और सही ध्यान के द्वारा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की विधि सिखाई जाती है। प्रतिदिन शिविर में ब्रेन विकसित करने के आसान प्रयोग व सूत्र बताए जाते हैं।

# लड़कियों को मिले पूरा हक, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में हो बराबरी: ईशा अंबानी



- लड़कियों के हक की लड़ाई में सरकार के साथ उद्योग जगत को भी आगे आना होगा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस डिजिटल युग में भारत को अगर वर्ल्ड लीडर के तौर पर उभरना है तो लड़कियों को आगे लाना होगा। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और सूचना व संचार टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लड़िकयों की भागीदारी बढ़ानी होगी। दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित 'गर्ल्स इन आईसीटी इंडिया – 2024' में लड़िकयों से बात करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने उन्हें प्रौद्योगिकी को एक करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। ईशा अंबानी ने कहा, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात बराबर होना चाहिए। इसके लिए हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। 'गर्ल्स इन इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (जीआईसीटी) इंडिया – 2024' का आयोजन दूरसंचार विभाग, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (दक्षिण एशिया), इनोवेशन सेंटर - दिल्ली और संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों ने मिलकर किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए ईशा अंबानी ने बताया कि "सरकार आवश्यक सुधार कर रही है, और इसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने अपनी मां नीता अंबानी का जिक्र करते हुए कहा कि वे बार-बार कहती हैं कि एक आदमी को सशक्त बनाओ तो वह एक परिवार का पेट भरेगा। जबकि एक महिला को सशक्त बनाया जाए तो वह पूरे गांव को खाना खिलाएगी। मुझे मेरी मां की बात पर पूरा विश्वास है कि महिलाएं जन्मजात लीडर होती हैं।

**महत्वपूर्ण संकेत** | प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिए संकेत

# UEI रहे सैनिकों को शिक्षक बनाने की तैयारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संकेत दिए हैं कि ऐसे पूर्व सैनिक प्रदेश में शिक्षक बन सकते हैं, जिन्होंने सेना के सेवा काल में बतौर यूनिट एजुकेशन इंस्ट्रक्टर (यूईआई) काम किया है। दरअसल, प्रदेश में पूर्व सैनिकों को शिक्षा विभाग में शिक्षक बनाने की तैयारी की जा रही है। और तो और, इसके साथ ही शहीद वीरांगनाओं या आश्रित परिवारों को शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के प्रस्ताव पर भी काम किया जा रहा है।



### यूईआई-बीएड व एसटीसी के बराबर माना जाए

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संकेत दिए हैं कि योग्यता धारी पूर्व सैनिकों को सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनाया जा सकेगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सभी सैनिक शिक्षक नहीं बन सकते। शिक्षक के लिए बीएड एसटीसी जरूरी है, लेकिन पूर्व सैनिकों के पास बीएड की डिग्री नहीं होने की वजह से उन्हें शिक्षा विभाग में नियुक्ति नहीं दी जाती। मिलिट्री में जो यूनिट एजुकेशन इंस्ट्रक्टर (यूईआई) होता है, कोशिश करेंगे कि उसे बीएड एसटीसी के बराबर माना जाए। इससे ऐसे पूर्व सैनिकों को सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने का मौका मिलेगा।

### जिन्हें सेना में अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पाती, उन पर भी विचार

उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों को तो अनुकंपा नियुक्ति मिलिट्री में भी मिल जाती है, लेकिन जिनका सामान्य निधन हुआ है, उन्हें अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान नहीं है। ऐसे परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए विचार किया जा रहा है। हालांकि, अभी ये तय नहीं किया गया है कि उन्हें शिक्षक ही बनाया जाएगा। आपको बता दें कि राजस्थान सरकार ने विधवा महिला को आरक्षण देने का प्रावधान पहले ही तय कर रखा है। इसके साथ ही विभिन्न नौकरियों में भी एक्स मिलिट्री मैन को आरक्षण मिलता है। ऐसे में शिक्षा मंत्री ने पहले से निर्धारित कोटा के आधार पर नियुक्ति देने की बात भी कही।

# कुपात्रों का पूजन व सम्मान ही देश में अशांति का कारण



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में राष्ट्र के लिए साधना करने वाले महान तपस्वियों की लम्बी श्रृंखला है। अत्यंत प्राचीन काल की बात छोड़ भी दी जाए, और आधुनिक इतिहास के परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाए, तो भी यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि 712 ईस्वी में भारत पर विदेशियों के पहले आक्रमण के समय से देश को परतंत्रता से मुक्ति मिलने के समय 1947 तक भी भारत के अनगिनत राष्ट्रप्रेमी सपूतों ने अपने -आपको तपस्या की अग्नि में झोंककर स्वयं को अमर कर दिया है। राजा दाहर, पृथ्वीराज चौहान, राजा जयपाल, सम्राट मिहिरभोज, राजा अनंगपाल, राणा सांगा, महाराणा प्रताप सिंह, छत्रपति शिवाजी, बंदा वीर वैरागी, राजा छत्रसाल, रानी हाड़ी, रानी पद्मिनी, पन्नाधाय, गुरू गोविन्दसिंह आदि से लेकर महर्षि दयानन्द, श्यामजी कृष्ण वर्मा महादेव गोविन्द रानाड़े, लाला लाजपत राय, वीर सावरकर, भाई परमानन्द जी, सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रभृति अनेक और असंख्य देशभक्तों ने देश के लिए कष्ठ उठाए और महान तप किया।

फलस्वरूप देश को विदेशी शासन से मुक्ति मिली। लेकिन आज भी देश में ऐसे निर्लज्ज, ऐसे कृतघ्न मौजूद हैं, जो अपनी मुगलिया मानसिकता का परिचय देते हुए लोककल्याण के लिए राष्ट्र की साधना अर्थात तप करने वाले, दूसरों के उद्धार के लिए अपने सुख तक का त्याग करने वाले इन महान सपूतों का अपमान करने से नहीं चूकते, और अपनी मानसिक विद्वेष अथवा राजनीतिक लाभ के लिए समय मिलते ही इनके प्रति अपमानजनक वक्तव्यों का प्रयोग अथवा इनके प्रतीक स्थलों, प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की मानसिकता का प्रदर्शन करने लगते हैं। इसी प्रकार की एक घटना में विगत 4 मई 2024 दिन शनिवार को मोदी विरोध से राष्ट्रविरोध की ओर अग्रसर विपक्ष ने एक बार फिर से राष्ट्र को शर्मसार करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम देकर उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप का घोर अपमान किया है। खबरों के अनुसार 4 मई को समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से उम्मीदवार डिंपल यादव के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक रोड शो का आयोजन मैनपुरी में किया था।

> *इसके लिए इस देश पर छठी शताब्दी से ही शासन करने वाले मेवाड़ के राणा वंश और उस राजवंश के दमकते हीरों को इतिहास में मूल्यविहीन कर दिया गया, जिनकी आभा और तेज से सिर्फ इस आज के भारत ही नहीं, अपितु अफगानिस्तान के उस पार ईरान की सीमा तक का विशाल भूभाग सदियों से आलोकित हुआ करता था। लेकिन उसके स्थान पर असत्य और विकृत इतिहास प्रस्तुत कर तुष्टीकरण के नशे में डूबी भारतीय जनता को लोकतंत्र आने का स्वप्न दिखला दिया।*

इस रोड शो के बाद बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता करहल चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़ गए, और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कथिततौर पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। इस घटना के बाद महाराणा प्रताप के आक्रोशित प्रशंसकों का कहना है कि महाराणा प्रताप किसी जाति विशेष के नायक नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत राष्ट्र के नायक हैं। उनका अपमान किसी क्षत्रिय समाज का अपमान नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतीय समाज और राष्ट्र का अपमान है। उल्लेखनीय है कि आज भी इस देश में महाराणा प्रताप सरीखे राष्ट्रनायकों को अपमानित करने में अपने -आपको गौरवान्वित महसूस करने वाले और विदेशी आक्रांताओं अकबर और औरंगजेब को महान बताने तथा महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी प्रभृति राष्ट्र प्रहरियों को बाग़ी मानने वालों की कमी नहीं है। कहा जाता है कि इस देश में आज भी ऐसे लोगों की एक लॉबी कार्यशील है। जिहादी मानसिकता से ग्रसित मुग़लभक्तों की यह टोली राष्ट्र और राष्ट्रनायकों के गौरव को कलंकित करने हेतु नाना प्रकार के षड्यंत्र रचने को लालायित रहती है। यह अलग बात है कि इनके विपरीत इस देश का आम नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म, जाति अथवा सम्प्रदाय का हो, आज भी विदेशी आक्रांताओं को खलनायक की ही संज्ञा देता है, और महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी को अपना नायक मानता है। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत के सत्ता पर सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रहने वाली कांग्रेस और उसके छद्म धर्म निरपेक्ष सहयोगी दलों के द्वारा प्रस्तुत इतिहास के कारण महाराणा प्रताप जैसे देश के वीर सपूतों का अपमान निरंतर जारी है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के सत्य व जीवंत इतिहास के उज्ज्वल पृष्ठों को छल प्रपंचों में ढंक दिया गया, जिसके कारण महाराणा प्रताप का गौरवमयी व्यक्तित्व सर्वाधिक आहत हुआ है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में तुष्टीकरण का नशा देकर भारतीय जनता को पुनः नींद में सुलाने का षड्यन्त्र का दौर शुरू हुआ, तो सत्ता के ऐसे केंद्र निर्मित हुए, जिन्होंने निज गौरव और निज देश पर अभिमान करने वालों को संकीर्ण और साम्प्रदायिक घोषित कर दिया। भारत के बहुसंख्यकों को अपने गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करने, अपने आराध्य देवों का नाम लेने तक का अधिकार न रहा। ऐसा करने पर उन्हें विधर्मी तत्वों व देश पर शासन करने वालों के द्वारा प्रताड़ित किए जाने की लंबी कथा है। निज गौरव और निज देश पर अभिमान करने की सोच भारतीयों में विकसित न हो सके, इसके लिए इस देश में इतिहास का विकृतिकरण ही नहीं किया गया, बल्कि सत्य इतिहास का विलोपीकरण ही कर दिया गया। सत्य इतिहास पर झूठ की परत चढ़ाकर सत्य को छुपाने का हरसंभव प्रयास किया गया, और विकृत इतिहास व साहित्य को भारतीयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ताकि इस देश के नागरिकों के मस्तिष्क में चमत्कार दिखाने वाले व्यक्तियों का नामोनिशान तक न रहे, जिससे सम्पूर्ण देश निज गौरव और स्वाभिमान से कहीं अभिभूत न हो उठे। स्वदेश हेतु इतना बड़ा पाप संसार के किसी अन्य देश में नहीं किया गया, जितना बड़ा इस देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कर दिखाया गया। तब से ही तुष्टीकरण के नशे में आम भारतीय भारत मुकुट मणि महाराणा प्रताप सिंह की महत्ता के स्थान पर तथाकथित अकबर महान को पूजने लगा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## देश का असंगठित क्षेत्र

# आधी आबादी की बड़ी हिस्सेदारी!



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी।*

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागड़ोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दो राय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर है। बहुत बड़े वर्ग की रोजी रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है।



हांलाकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रुप दिया जाता रहा है। खैर बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबलें महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देष में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करे तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। दरअसल बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही थी और कर रही है। भले ही व्हाईट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में है तो आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक है। दरअसल देखा जाएं तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल स्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है।

करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ साफ यह हुआ कि खेती किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली कुचें में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली मोहल्ले में घूमने वाले वेण्डर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती।

इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रुप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना और इसी तरह की अन्य योजनाओं से जोड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के प्रयास किये गये हैं। अब देश दुनिया में श्रमिक आंदोलन का समय तो करीब-करीब समाप्त ही हो चुका है। ऐसे में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी व सामाजिक संगठनों को आगे आते हुए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बनना होगा। अब तो चूंकि असंगठित क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला श्रमिक अधिक है तो फिर और भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। इसके साथ ही महिलाओं की समस्याओं को भी समझना होगा। सरकार को भी इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समधान के लिए फोकस करना ही होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## व्यंग्य

# राजनीति के आम



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

आम के बारे में एक लतीफा सुनिए। एक सज्जन के पास एक आदमी आया और बोला, 'मियां जी, आम आए हैं।' मियां ने जवाब दिया, 'तो तुझे क्या..?' आदमी ने बताया, 'आपके लिए आए हैं।' मियां जी ने पहले जैसी ही तुर्शी के साथ जवाब दिया, 'तो तुझे क्या..?' सही भी है। कुछ दिन पहले केजरीवाल जी के आम खाने को लेकर कई बातें आम हो गई थीं। भई! आम का मौसम है और बंदा आम आदमी पार्टी का मुखिया है, तीन-चार आम खा लिए तो कौनसा गुनाह कर दिया।

आम की तलब तो सीएम हाउस से लेकर तिहाड़ में, कहीं भी उठ सकती है। आम तो आम है, उस पर किसी का नाम थोड़े ही लिखा है कि यह कोई खास आदमी ही खाएगा। पहले 'मेरे राम' पर राजनीति, अब 'मेरे आम' पर राजनीति। यह भारतीय आम का अपमान है। आम की रस-परंपरा का अपमान है। लोकतंत्र खास को भी आम बनाने की कला का नाम है, यहां तो आम को भी खास बनाया जा रहा है।

एक रोज अकबर बादशाह आम के बाग में टहल रहे थे। साथ में बीरबल भी थे। आम के पेड़ों पर तरह-तरह के रंगबिरंगे आम लदे हुए थे। यहां का आम बादशाह और बेगमों के सिवा किसी को मयस्सर नहीं होता था। उस दिन बीरबल बार-बार आमों की तरफ गौर से देख रहे थे। बादशाह ने पूछा, 'बीरबल, इस कदर गौर से क्या देखते हो?' बीरबल ने कहा, 'बादशाह! मैं देखता हूं कि किसी आम पर मेरा या मेरे घर वालों का नाम भी है क्या।' इस पर बादशाह मुस्कुराए और उसी रोज एक टोकरी आम बीरबल के घर भेज दिए। इधर केजरीवाल जी तो 'वर्क फ्रॉम जेल' मोड में हैं। अब सीएम लेवल का आदमी टोकरी भर न सही, गिनती के दो-चार तो खा ही सकता है। रहा सवाल शुगर और मिठाई का, तो केजरीवाल जी के अधिवक्ता कह ही चुके हैं कि आम को ऐसे दिखाया गया है, जैसे उसमें शुगर भरी पड़ी है, जबकि उसमें शुगर लेवल 'ब्राउन राइस' या सफेद चावल से कम है।

आम खा रहा है आम आदमी। अरे क्या खाएगा? मशरूम खाएगा क्या!' दुर्भाग्य से जिस मौसम में आम आता है, उसी मौसम में वे जेल में हैं, तो आम ही तो खाएंगे। हां, सर्दी का मौसम होता तो वे कोई दूसरा फल चुनते, जिसमें शुगर होती। अब तीन खाए या चार खाए या टोकरा भर खा गए, यह पता लगाना ईडी वालों का काम है। बहरहाल, इस प्रकरण का लब्बो-लुआब यही है कि इस कदर 'आम' मत बनो कि लोग तुम्हारा 'अचार' डाल दें। जेल में रहते हुए दिल्ली की जनता की सेवा के लिए जो दुबला हुआ जा रहा है, उस आम आदमी के आम खाने पर इतनी हाय-तौबा? शुगर की बात छोड़िए भले मानुषो..। गालिब तो यहां तक कह कर गए हैं-

मुझसे पूछो तुम्हें खबर क्या है, आम के आगे नेशकर (गन्ना) क्या है!

लगे हाथ गालिब का एक किस्सा और सुन लीजिए। एक दिन गालिब अपने दोस्तों के साथ आम का लुत्फ ले रहे थे। तभी वहां से एक गधा गुजरा और रास्ते में पड़े आम को बिना खाए छोड़ गया। इसे देखकर मिर्जा साहब के एक दोस्त ने कहा, 'मियां, आम में ऐसा क्या है? ये तो गधे भी नहीं खाते।' अब मिर्जा गालिब ठहरे आम के घोर प्रेमी। तुरंत बोले, 'मियां, जो गधे हैं वही नहीं खाते।'

---

## नॉलेज कॉर्नर: पहाड़ों के बीच इस नदी में अंग्रेजों ने बनवाया था पुल

# इतनी साफ नदी, नाव भी तैरती है हवा में

भारत देश सुंदरता का प्रतीक है। जहां कई अनोखे और मनोरम दृश्य अपनी अलग छवि बनाए हुए है। ये दृश्य हमारी आखों को ठंडक के साथ-साथ सुकून पहुंचाते हैं। ऐसा ही एक नजारा है मेघालय की राजधानी शिलोंग में। शहर से करीब 95 किलोमीटर दूर इस जगह को 'डॉकी रिवर' कहा जाता है। इसे 'उम्गोत नदी' के नाम से भी जाना जाता है। यह मेघालय के पश्चिम में पहाड़ियों से घिरी हुई है। भारत की अधिकतर नदियां यूं तो समतल भू-भाग पर होती हैं लेकिन उम्गोत नदी तक जाने के लिए पहाड़ों का सफर तय करना होता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में अधिक जानते हैं इस सुंदर नदी के बारे में...

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर है नदी

भारत और बांग्लादेश की सीमा पर स्थित यह नदी चारों ओर से पहाड़ियों से घिरी है। नदी तक जाने के लिए एक पुल पार करना होता है, यह संकरा पुल है जिससे एक बार में एक ही तरफ से वाहन जा सकते हैं। पूरे भारत की नदियों की तुलना में इस नदी का पानी ज्यादा स्वच्छ और साफ है। नदी की स्वच्छता इस बात से साफ झलकती है कि नदी में तैर रही नाव हवा में तैरती प्रतीत होती है। नदी के 2,3 फीट नीचे तक की गहराई तक कंकड़, पत्थर आसानी से देखे जा सकते हैं।



### तीन गांवों से गुजरती है

नदी के पश्चिम में हीमा खाइरिम यानि खासी और पूर्व में री नार यानि जयंतिया पहाड़ियां है। पहाड़ियों से घिरी यह उम्गोत नदी तीन गांवों से होकर बहती है, डौकी, दारंग और शेनान्गडेंग। इन तीनों गांवों में करीब 300 घर है, ये मिलकर नदी की सफाई करते हैं। उम्गोत नदी के पास एक गांव है जिसका नाम मावलिननॉन्ग है। इस गांव को एशिया का सबसे साफ गांव का दर्जा दिया गया है। नदी दोनों देश की सीमाओं को जोड़ती है। डॉकी में एक छोटा मार्केट है, जो दोनो देशों के बीच के व्यापार संबंध बनाने के लिए बनाया गया है।

### इसलिए बनाया पुल

*भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित इस पुल का निर्माण वर्ष 1932 में अग्रेंजो ने करवाया था। अंग्रेजो ने करवाया था। एकमात्र यह पुल है जिसके जरिए दोनों देशों की बॉर्डर तक जाया जा सकता है। इस पुल का प्रयोग मुख्यतः बांग्लादेश को कोयला और चूना पत्थरों के निर्यात करने के लिए किया जाता है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

---

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
बालासाहेब के हर सपने को चकनाचूर करने वाली नकली शिवसेना का अहंकार उसे ले डूबेगा!



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
'झूठ की फैक्ट्री' भाजपा खुद को कितना भी दिलासा दे ले, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। एक बार फिर कह रहा हूं - 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। देश के हर कोने में INDIA की आंधी चल रही है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं,
तभी तो सब मोदी को चुनते हैं।
बीते 10 वर्षों में बुंदेलखण्ड में जो विकास कार्य हुए हैं, वह मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव है। इसलिए जालौन लोक सभा क्षेत्र की जनता 'तीसरी बार मोदी सरकार' बनाने का संकल्प ले चुकी है।

### पश्चिम बंगाल में बढ़ते सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अहम घोषणा...

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बाहर से देंगे समर्थन, नहीं होंगे शामिल

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव के लिए जारी सियासी घमासान के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वह इस सरकार में शामिल नहीं होंगी बल्कि बाहर से उनकी पार्टी समर्थन करेगी। उन्होंने बुधवार को एक चुनावी रैली में कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को बाहर से पूरा समर्थन देगी ताकि बंगाल के लोगों को कोई परेशानी न आए। ज्ञात रहे कि ममता ने सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ झगड़े के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया से खुद को कुछ दूर कर लिया था। अब कुछ हद तक उनका रुख बदलता दिख रहा है। ममता बनर्जी का रुख फिलहाल तब सामने आया, जब देश की 70 प्रतिशत सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया है। ममता ने हुगली जिले के चिनसुराह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम इंडिया गठबंधन को नेतृत्व प्रदान करेंगे और उन्हें बाहर से हर तरह से मदद करेंगे। हम ऐसी सरकार बनाएंगे ताकि बंगाल में हमारी मां-बहनों को कभी परेशानी न हो। जो लोग 100 दिन-रोजगार योजना में काम करते हैं, उन्हें दिक्कत ना हो और उनको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। ममता ने कहा, आपको यह पता होना चाहिए कि इंडिया अलायंस में- बंगाल कांग्रेस और सीपीआई (एम) को मत गिनें, वे दोनों हमारे साथ नहीं हैं।



### राजनीतिक गलियारों में कयास शुरू

राजनीतिक गलियारों में ममता के बाहर से समर्थन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। ज्ञात रहे कि ममता और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पहले भी कई बार सीधे केंद्र सरकार में शामिल हो चुकी हैं। 1998 में बनी 13 महीने की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में ममता शामिल नहीं हुईं बल्कि बाहर से समर्थन किया। बाद में ममता सहित तृणमूल नेता कई बार वाजपेयी और मनमोहन की कैबिनेट में मंत्री रहे। 1999 से 2004 तक तृणमूल कांग्रेस वाजपेयी सरकार में शामिल थी। 2009 में ममता मनमोहन कैबिनेट में भी शामिल रहीं।

### चुनाव आयोग पीएम मोदी की कठपुतली

ममता बनर्जी ने रैली को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के तहत काम करने वाली कठपुतली करार दिया। ममता ने दो महीने की अवधि में चुनाव निर्धारित करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और आरोप लगाया कि अत्यधिक गर्मी के कारण आम लोगों को होने वाली कठिनाइयों की अनदेखी करते हुए भाजपा के पक्ष में यह फैसला लिया। उन्होंने कहा,निर्वाचन आयोग एक कठपुतली है और मोदी के निर्देशों के अनुसार काम करता है। ढाई महीने से मतदान हो रहा है, क्या आपको (निर्वाचन अधिकारियों को) कभी आम लोगों की परेशानियों का एहसास हुआ है।

### सीएए के विरोध पर अडिग

ममता ने बंगाल में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन के खिलाफ अपनी पार्टी के अडिग रुख की घोषणा की।

---

### मोदी के सामने छह प्रत्याशी, रंगीला समेत 33 पर्चे खारिज



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी से निर्दलीय उम्मीदवार कॉमेडियन श्याम रंगीला का मंगलवार को नामांकन खारिज हो गया। इस सीट पर प्रधानमंत्री समेत 40 उम्मीदवारों ने सियासी ताल ठोंकी थी। परन्तु नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब 7 उम्मीदवार ही चुना मैदान में रह गए हैं। 33 उम्मीदवारों के नामांकन खारिज हो गए हैं वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। पीएम मोदी के सामने छह उम्मीदवार मैदान मे हैं। ज्ञात रहे कि श्याम रंगीला पिछले तीन दिनों से नामांकन नहीं भरने देने के आरोप लगा रहे थे। मंगलवार सुबह ही उन्होंने अपना पर्चा दाखिल किया था, जोकि शाम होते-होते खारिज हो गया।

### श्रीकला की शाह से भेंट, BJP में हो सकती हैं शामिल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जौनपुर लोकसभा सीट से पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का बसपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद यहां की सियासत गरमा गई है। अब श्रीकला ने बुधवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, जिसके बाद सियासी हल-चल तेज हो गई। चर्चा है कि श्रीकला गुरुवार को भाजपा में शामिल हो सकती हैं। बता दें कि मंगलवार को ही उनके पति धनंजय सिंह ने अपने समर्थकों से कहा था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को सपोर्ट करें। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं, वरना वह निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं।

---

### मोदी ने कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) व राकांपा (शरद पवार) पर साधा निशाना

# कांग्रेस की होगी करारी शिकस्त मान्य विपक्ष भी नहीं बन पाएगी

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव के लिए तेज होते सियासी घमासान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस,उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना और शरद पवार नीत राकांपा पर तीखा सियासी प्रहार किया। डिंडोरी में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत मान्य विपक्षी दल बनना भी मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नकली शिवसेना, नकली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कांग्रेस में विलय होना पक्का है। जब इस नकली शिवसेना का कांग्रेस में विलय हो जाएगा तब मुझे सबसे ज्यादा याद बाला साहेब ठाकरे की आएगी। नकली शिवसेना ने बाला साहब के हर सपने को चूर-चूर कर दिया है। बाला साहब ठाकरे का सपना था अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के इंडी गठबंधन (विपक्षी गठबंधन इंडिया)के एक नेता का कहना है कि छोटे छोटे दलों का कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए। उन्हें लगता है कि अगर ये सभी दुकानें कांग्रेस में मिल जाएंगी तो ऐसा हो सकता है कि कांग्रेस मान्य विपक्ष बन जाए।



### विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं

पीएम मोदी ने कहा कि आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। मैं अब आपसे अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैंने पिछले 10 साल में बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराएं हैं।

### अल्पसंख्यक का मतलब कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं, उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

---

### AAP ने कहा- हमारे साथ नहीं हो रहा है बराबरी का व्यवहार

# हाई कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी** | नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए आम आदमी पार्टी (की उस याचिका पर जवाब देने को कहा है, जिसमें वह पार्टी ऑफिस के लिए अस्थाई आधार पर जमीन आवंटन चाहती है। आप ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार उसके साथ उन अन्य पार्टियों के बराबर व्यवहार नहीं कर रही है, जिन्हें मध्य दिल्ली में डीडीयू मार्ग पर जमीन आवंटित की गई है।

हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील से कहा,उनकी दलील है कि आप (केंद्र सरकार) उनके साथ दूसरों के बराबर व्यवहार नहीं कर रहे हैं। आप उन्हें बहुत दूर फेंक रहे हैं। जस्टिस सुब्रह्मण्यम प्रसाद ने केंद्र सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा और मामले में अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख तय की है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकील कीर्तिमान सिंह ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार के पास डीडीयू मार्ग पर कोई भी खाली जमीन नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 2024 में आप को साकेत में जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। 2023 में राष्ट्रीय पार्टी बनने से पहले तक आप ने कभी भी मध्य दिल्ली में जमीन नहीं मांगी थी। केंद्र सरकार के वकील ने बताया, 'जून 2023 में उन्होंने (आप) ने बताया कि डीडीयू मार्ग पर कुछ जमीन उपलब्ध है। उसी साल हमने उन्हें स्थायी आवंटन के लिए जमीन बताई। लेकिन निरीक्षण के बाद हमने पाया कि डीडीयू मार्ग पर कोई जमीन उपलब्ध नहीं है। 2024 में हमने उन्हें साकेत में दो प्लॉट ऑफर किए। आप का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर नंदराजोग ने सुझाव दिया कि आप मंत्री के कब्जे वाले दो भूखंड उनकी पार्टी को कार्यालय निर्माण के लिए दिए जा सकते हैं। अगर इसे पार्टी को दे दिया जाए तो मंत्री इसे सरेंडर करने को तैयार हैं।

---

### बंगाल में गरजे गृह मंत्री... आज कश्मीर में नहीं, POK में लगते हैं आजादी के नारे

# पीओके भारत का है, हम लेकर रहेंगे: शाह

**एजेंसी** | कोलकाता

भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंनें बुधवार को राज्य के श्रीरामपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश में विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़तालें होती थीं, आज पीओके में हड़ताल होती है। पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब यही नारेबाजी पीओके में हो रही है। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सीएम ममता बनर्जी पर बड़ा हमला बोले हुए कहा कि आपको डरना है तो डरते रहिए। लेकिन मैं कहता हूं कि ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।



अमित शाह ने ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल को धोखा देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमानदार नेता नरेंद्र मोदी के बीच चयन करने का है। मुख्यमंत्री पद पर रहने और प्रधानमंत्री होने के बावजूद नरेंद्र मोदी पर आज तक एक पैसे का भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा, बंगाल को यह निर्णय लेना होगा कि उन्हें घुसपैठिए चाहिए या शरणार्थियों के लिए सीएए। बंगाल को तय करना है कि वह जिहाद को वोट देना चाहता हैं या विकास को।

### ममता बनर्जी पर साधा निशाना

अमित शाह ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, ममता बनर्जी मां-माटी-मानुष नारे के साथ सत्ता में आई थीं। लेकिन यह नारा अब मुल्ला, मौलवी, मदरसा में बदल गया। वह दुर्गा विसर्जन की अनुमति देने से मना करती हैं, लेकिन रमजान में मुसलमानों को छुट्टी देती हैं। शाह ने कहा कि ममता सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों के समर्थन में रैलियां निकाल रही हैं।

---

### चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का दावा

# मैंने पार्टी बनाई तो बिहार में कोई दूसरी पार्टी या मोर्चा नहीं बचेगा

**एजेंसी** | मुजफ्फरपुर(बिहार)

लोकसभा चुनाव के लिए तेज होते सियासी घमासान के बीच जन सुराज के सूत्रधार व चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि अगर मैं राजनीतिक दल बनाऊंगा तो बिहार में कोई दूसरा दल या मोर्चा नहीं बचेगा।

प्रशांत किशोर ने मुजफ्फरपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज टीवी पर राजनीतिक दलों के जो नेता बयानबाज बने हुए हैं, उनके आकाओं के आका बैठकर हमसे सलाह लेते रहे हैं कि हम कैसे चुनाव लड़ें? इसलिए मैं उनके बयानों का जवाब देकर उनको जरूरत से ज्यादा सम्मान देना नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि लोगों को एहसास नहीं है कि मैं कितनी बड़ी व्यवस्था बना रहा हूं। मैंने काम छोड़ा है, उसकी समझ नहीं छोड़ी है। नीतीश कुमार ही क्यों, मैंने नरेंद्र मोदी के लिए भी काम किया है।



### प्रशांत किशोर का तेजस्वी पर तंज

इस दौरान प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मैंने जो कुछ भी किया, वो अपने दम पर किया। दूसरे नेता की तरह हमारे पिताजी ने करके मुझे नहीं दे दिया था। वहीं पार्टी के लिए पैसे की जरूरत पर प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार मुझे क्या धन देंगे? अगर मुझे धन चाहिए ही होगा तो इतने बड़े-बड़े राज्यों में सरकारें बनी हैं, जिसको बनाने में मैंने कंधा लगाया है। नीतीश कुमार की पार्टी के पास इतना पैसा नहीं कि वो मुझे धन देंगे। मैंने जो काम किया है, डंके की चोट पर किया है, अपनी समझ, अपने ज्ञान से किया है।

---

### उत्तर प्रदेश: खरगे-अखिलेश का संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा...

# 4 जून को इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार, पीएम मोदी की विदाई तय

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव मैदान में उतरे सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी सियासी ताकत झोंक दी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के तहत मिलकर चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने बुधवार को एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजग के चार सौ पार के नारे पर बड़ा निशाना साधा है। मोदी सरकार पर हमला करने के साथ ही आरक्षण से लेकर मुफ्त राशन तक की कई घोषणाएं कीं। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। खरगे ने खरगे ने बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा, अब तक चार चरण के चुनाव खत्म हो चुके हैं, इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में दिख रहा है। जनता ने पीएम मोदी की विदाई तय कर दी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है, यह चुनाव देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है. यह दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है।



पीएम मोदी के भाषणों का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा, ये शब्द उनके हैं मटन, बीफ, चिकन, मछली, मंगलसूत्र ये सारे चीजें या शब्द मेरे हैं या उनके हैं? इस सब की जगह पिछले 10 साल में आपकी सरकार की कामयाबी क्या हैं? ये बताकर वोट लो। हम बताते हैं कि हम अपने दौर में मनरेगा लेकर आए, फूड सिक्योरिटी एक्ट जैसी कई चीजें लेकर आए।

### बहुजन समाज दे इंडिया गठबंधन का साथ: अखिलेश यादव

वहीं , प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने साफ शब्दों में कहा कि बहुजन समाज के लोग इंडिया गठबंधन का साथ दें। इंडिया गठबंधन जीतेगा तो लोकतंत्र मजबूत होगा। इंडिया गठबंधन जीतेगा तो संविधान को बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग बाबा साहेब में आस्था रखते हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं, उन लोगों से हमारी खास अपील है कि वे अपना वोट खराब न करें।

### नीचे की ओर जा रही है भाजपा

अखिलेश ने कहा, भाजपा का काउंटडाउन शुरू हो चुका है. उसको जितनी ऊंचाई पर जाना था, वह वहां तक चली गई। अब उनका नीचे आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। भाजपा लगातार नीचे गिर रही है. उसका रथ फंस नहीं धंस गया है। 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीट के लिए भी तरसा देगी। अखिलेश ने कहा कि चार चरणों के मतदान के बाद भाजपा के झूठ की पोल खुलने लगी है। उन्होंने केंद्र और यूपी की सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की दस साल की दिल्ली की सरकार और यूपी में सात साल की सरकार लूट की सरकार बनाई है।

### यूपी में 79 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन

अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 सीटें जीतने जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में भी इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के साथ धोखा हुआ।

### पीएम पद हमारी रणनीति का हिस्सा, नहीं करेंगे खुलासा

उत्तर प्रदेश में अमेठी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी को लेकर उनके चुनावी क्षेत्र में यह नारा लगाया जा रहा है रायबरेली के लोग कांग्रेस के उम्मीदवार को ही नहीं जीताएंगे बल्कि वो प्रधानमंत्री को दिल्ली भेजेंगे, इस सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा, हम अपनी कोई रणनीति आपको नहीं बताएंगे। भई, किस बूथ पर भाजपा रही है क्यों बता दें इनको। राहुल को लेकर हम कुछ भी नहीं बताएंगे, यह हमारी रणनीति का हिस्सा है।

## जरूरी खबर

### नोट बरामदगी: झारखंड के मंत्री आलम गिरफ्तार



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी आलमगीर आलम से उनके सचिव संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट से 32 करोड़ 20 लाख रुपए बरामद होने और राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ कर रही थी। आलम इस मामले में बुधवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ के लिए रांची स्थित ईडी के दफ्तर पहुंचे थे। ईडी ने मंगलवार को उनसे सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर देर शाम तक पूछताछ की थी। कार्रवाई की है।

### सीएए के तहत 14 लोगों को मिली नागरिकता



नई दिल्ली। सीएए को लेकर लोकसभा चुनाव में सियासी वार-पलटवार के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने इसके तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू कर दिया है। बुधवार को पहली बार केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने दिल्ली में 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। इसके साथ ही देश भर के करीब 31 हजार गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू हो गया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सीएए बड़ा मुद्दा है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दल सीएए का तीखा विरोध कर रहे हैं।

### ज्योतिरादित्य की मां माधवी राजे का निधन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह दिल्ली के एम्स में निधन हो गया है। इसकी जानकारी सूत्रों ने बताया कि उनकी सुबह 9.28 बजे मृत्यु हो गई और वह पिछले कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। उनका पिछले तीन महीने से इलाज चल रहा था और वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं।

## इंडिया स्किल्स कॉम्पिटिशन 2024 शुरू





***नई दिल्ली।*** *कौशल के उच्चतम मानकों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार की गई देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता इंडिया स्किल्स कॉम्पिटिशन 2024 बुधवार को राजधानी नई दिल्ली में यशोभूमि, द्वारका के ब्रह्म कमल ऑडिटोरियम में शुरू हुआ। कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय में सचिव अतुल कुमार तिवारी ने इसका उद्घाटन किया। इसमें 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक छात्र और 400 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।*

## जस्टिस खन्ना होंगे देश के अगले सीजेआई!



**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ इसी साल नवंबर में रिटायर होने के बाद न्यायाधीश संजीव खन्ना अगले सीजेआई होने की उम्मीद है। वे 11 नवंबर, 2024 को पद संभालेंगे। सुप्रीम कोर्ट की परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत का सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश भारत का मुख्य न्यायाधीश बनता है। वरिष्ठता के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई बनने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उनका कार्यकाल छह महीने के लिए ही होने वाला है और मई, 2025 में रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस खन्ना जनवरी 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत हुए थे। वे सुप्रीम कोर्ट से पहले दिल्ली हाई कोर्ट में 14 साल तक न्यायाधीश रहे। कराधान और अन्य वाणिज्यिक कानूनों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाने वाले खन्ना ने दो दशकों में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिखे हैं।

**खुश खबरी: इस बार जल्द आ सकती है बरखा बहार**

# केरल में समय से पहले ही 31 मई को दस्तक देगा मानसून

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन मानसून की बारिश जल्द शुरू होने की उम्मीद है। भारत के मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई के आसपास केरल में दस्तक देने की उम्मीद है।

आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून आम तौर पर लगभग 7 दिनों के आगे पीछे के अंतराल के साथ 1 जून को केरल में प्रवेश करता है। इसके बाद यह तेजी से उत्तर भारत की ओर बढ़ता है और 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर कर लेता है। इस साल का दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 दिनों के आगे-पीछे के मार्जिन के साथ, 31 मई के आसपास केरल पहुंचने की उम्मीद है। यह तारीख देश भर में मानसून की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण संकेतक का काम करती है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार 19 मई को मानसून के अंडमान निकोबार में पहुंचने की संभावना है। उसके बाद मानसून देश के अन्य हिस्सों की तरफ बढ़ेगा। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को कहा, यह जल्दी नहीं है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख एक जून है। पिछले महीने, आईएमडी ने जून से सितंबर तक चलने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था। जून और जुलाई को कृषि के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानसूनी महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि में खरीफ फसल की अधिकांश बुआई होती है।

### अल नीनो सिस्टम हो रहा है कमजोर

मौसम विभाग के अनुसार देश में अल नीनो सिस्टम कमजोर हो रहा है। ला नीना स्थितियां एक्टिव हो रही हैं। ये इस साल अच्छे मानसून का संकेत है। इसी वजह से भारत में मानसून समय से पहले ही दस्तक दे सकता है। वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में 16 मई से और पूर्वी भारत में 18 मई, 2024 से गर्मी की लहर का एक नया दौर शुरू होने की संभावना है।



### परिस्थितियां मानसून के आगे बढ़ने के अनुकूल बनीं

मानसून के बंगाल की खाड़ी से मुख्य भूमि भारत की ओर बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं, इसलिए अनुमान है कि 19 मई तक मानसून भारत की सीमा में प्रवेश कर जाएगा। मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख की बात करें तो 10 जून तक ये महाराष्ट्र पहुंच जाता है। 15 जून को ये गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार पहुंचता है। वहीं, 20 जून को ये गुजरात के आंतरिक इलाकों, एमपी के मध्य हिस्सों और उत्तर प्रदेश में दस्तक देता है।

**SC ने नहीं दी गर्भपात की अनुमति, कहा...**

# गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीने का अधिकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक 20 वर्षीय अविवाहित युवती की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 27 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति मांगी गई थी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण के पास भी जीवन का मौलिक अधिकार है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एसवीएन भाटी और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

हाई कोर्ट ने तीन मई के फैसले में गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि हम कानून के विरोधाभासी आदेश पारित नहीं कर सकते। गर्भ में पल रहे बच्चे को भी जिंदा रहने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। इस बारे में आपको क्या कहना है?

### कोर्ट ने किया सवाल

पीठ ने कहा कि गर्भ अब लगभग सात माह का हो गया है। अदालत ने सवाल किया, 'गर्भ में पल रहे बच्चे के जिंदा रहने के अधिकार का क्या? आप उसका जवाब कैसे देंगे?' वकील ने कहा कि जब तक भ्रूण गर्भ में होता है और बच्चे का जन्म नहीं हो जाता तब तक यह अधिकार मां का होता है। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता इस समय अत्याधिक पीड़ा से गुजर रही है।

### क्षमा करें: कोर्ट

वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता की मानसिक और शारीरिक बेहतरी पर विचार किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, 'क्षमा करें।' हाई कोर्ट ने तीन मई के आदेश में रेखांकित किया था कि 25 अप्रैल को अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया था ताकि भ्रूण और याचिकाकर्ता की स्थिति का आकलन किया जा सके।

**ब्राजील में न्यायाधीशों का जी 20 शिखर सम्मेलन**

# हम राजकुमार नहीं, लोगों की सेवा करने के लिए हैं: चंद्रचूड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन में कहा कि जज न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु हैं। जज का काम सेवा करना है। हम सार्वजनिक पद पर बैठे पदाधिकारी हैं। यह सम्मेलन जी 20 देशों के सर्वोच्च न्यायालय और संवैधानिक न्यायालयों के प्रमुखों की बैठक है। सीजेआई ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद सुप्रीम कोर्ट के



कामकाज का तरीका बदल गया। कोर्ट की पारदर्शिता बढ़ गई।

उन्होंने कहा कि सही और सटीक जानकारी प्रदान कर हम फेक न्यूज से निपटने में सक्षम हैं। ब्राजील के संघीय सुप्रीम कोर्ट की अगुवाई में जी20 शिखर सम्मेलन के इस मीटिंग का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय स्थिरता और बेहतर न्यायिक दक्षता के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सीजेआई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हो रहे इस्तेमाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वकीलों के जरिए कोर्ट की सही जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाती है।

**चीन सीमा के निकट भारत ने बढ़ाई सैन्य क्षमता**

# 14,500 फुट पर टैंक मरम्मत केंद्र स्थापित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय सेना ने चीनी सीमा के पास लद्दाख क्षेत्र में न्योमा में और डीबीओ सेक्टर में 14,500 फुट से अधिक की ऊंचाई पर दो बख्तरबंद वाहन रखरखाव और मरम्मत सुविधाएं स्थापित की है।

ये इलाका दुनिया में टैंक और सेना के लड़ाकू वाहनों के लिए सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है। यह अपने आप में एक तरह का रिकॉर्ड है। सेना ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 500 से अधिक टैंकों और पैदल सेना के युद्धक वाहनों को तैनात किया हुआ है।



अप्रैल-मई2020 में भारत और चीन के बीच गतिरोध शुरू होने और वहां चीनी आक्रामता के बाद पूर्वी लद्दाख में बड़ी संख्या में टैंक और बीएमपी लड़ाकू वाहनों के साथ-साथ क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल जैसे स्वदेशी बख्तरबंद वाहनों को तैनात किया गया। सेना के अधिकारियों ने बताया कि टैंकों और लड़ाकू वाहनों को इन अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है। यहां रखरखाव और मरम्मत के लिए इन वाहनों को वापस ले जाना बहुत मुश्किल काम है। बख्तरबंद वाहनों के संचालन को बनाए रखने के लिए हमने न्योमा और डीबीओ सेक्टर में डीएस-डीबीओ रोड पर केएम-148 के पास मध्यम रखरखाव (रीसेट) सुविधाएं स्थापित की हैं। ये दो मुख्य क्षेत्र हैं जहां पूर्वी लद्दाख सेक्टर में टैंक और आईसीवी संचालन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही सेना

सेना बहुत ऊंचाई वाले इलाकों जहां सर्दियों में तापमान बेहद कम रहता है, वहां टी-90, टी-72, बीएमपी और के-9वज्र स्व-चालित हॉवित्जर सहित अपने टैंकों को संचालन लायक बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। नई सुविधाएं टैंकों और लड़ाकू वाहनों की बेहतर सेवाक्षमता और मिशन विश्वसनीयता को बढ़ावा देंगी। ये सुविधाएं लड़ाकू बेड़े को परिचालन के लिए तैयार रखने में मददगार होंगी।


**आस्था के रंग से सरोबार उत्तराखंड**

# चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब... जाम और इंतजार की लंबी घड़ियां

**एजेंसी** | देहरादून

उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2024 में तीर्थ यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है। 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा के पहले पांच दिनों में यमुनोत्री, गंगोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ धामों में तीर्थ यात्रियों की रिकॉर्ड संख्या पहुंचने से हिमालयी क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों पर दबाव पड़ा है।

दरअसल, गंगोत्री-यमुनोत्री धामों पर रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के चलते सरकारी व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं। दोनों धामों के लिए जब आप हरिद्वार से आगे बढ़ते हैं तो 170 किमी दूर बरकोट तक लंबा जाम सा नजर आ जाएगा। बरकोट से आगे यमुनोत्री और गंगोत्री के



रास्ते हैं। यहां से उत्तरकाशी का 30 किलोमीटर का रूट वन-वे है, इसलिए मंदिर से लौट रही गाड़ियां पहले निकाली जा रही हैं। मंदिर जाने वाली गाड़ियों का नंबर कई घंटे बाद आ रहा है।

### 2.7 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

10 मई से मंगलवार शाम तक करीब 2.7 लाख से अधिक तीर्थयात्री चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में सबसे ज्यादा 126306 फिर गंगोत्री धाम में 48378 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। बदरीनाथ धाम में 39304 और यमुनोत्री धाम में 59158 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। उत्तराखंड सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 23,824 से अधिक वाहन चारधाम यात्रा के लिए आ चुके हैं। बदरीनाथ में गुरुवार सुबह से ही दर्शन पथ पर यात्रियों की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं की 2 से 3 किमी लंबी लाइन लग गई। पहले पांच दिनों में मंगलवार शाम तक 50,267 तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, भगवान शिव को समर्पित केदारनाथ धाम में भी भक्तों की भारी भीड़ है। हेली सेवा के साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी फुल हो चुके हैं। केदारनाथ पैदल रूट पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स के साथ ही एसडीआरएफ के जवान तैनात किए गए हैं।

### CM पुष्कर धामी ने दिए निर्देश



तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ को देखते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव मीनाक्षी सुदरम को उत्तरकाशी में कैंप कर स्थिति की निगरानी और उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। विदित हो कि उत्तराखंड पुलिस ने चारधाम रूट पर पर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए आठ से अधिक ड्रोन और लगभग 850 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।

### बनाए गए हैं 130 पार्किंग स्थल

ज्ञात रहे कि गढ़वाल क्षेत्र के सात जिलों में लगभग 130 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। पुलिस विभाग के आंकड़ों की बात मानें तो इन पार्किंग स्थलों में 55,000 से अधिक गाड़ियों को खड़ा किया जा सकता है, जिनमें लगभग 17,000 कारें और 38,000 मोटरसाइकिलें शामिल हैं।

### तीर्थ यात्रियों की टैक्सियां, टेंपो ट्रैवलर के लिए गेट सिस्टम

यहां प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार यमुनोत्री और गंगोत्री मार्ग पर 2000 से अधिक गाड़ियों के आने से ट्रैफिक कंट्रोल करना भी मुश्किल हो गया थे। ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए पुलिस-प्रशासन कई स्थानों पर गेट और बैरियर सिस्टम का इस्तेमाल कर रहा है। चारधाम यात्रा रूट पर गाड़ियों को रोककर एक के बाद एक 150-200 के काफिले में भेजा रहा रहा है। गंगोत्री और यमुनोत्री रूट एक या दो घंटे की वेटिंग बताई जा रही है।

### आर्यन की अपकमिंग मूवी का पोस्टर रिलीज... फैंस हुए क्रेजी

# ‘चंदू चैंपियन’ का फर्स्ट लुक ‘फायरी’ कार्तिक की सलमान से हो रही तुलना

**बेधड़क.जयपुर।** कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का फर्स्ट लुक पोस्टर आज रिलीज किया गया। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि कार्तिक आर्यन ने खुद का जबरदस्त मेकओवर किया है। वह किशोर धावक के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म का डायरेक्शन कबीर खान ने किया है। फिल्म का निर्माण साजिद नडिया वाला और कबीर खान ने मिलकर किया है। पोस्टर में कार्तिक आर्यन को एक रेसलर के रूप में लंगोट पहने हुए देखा जा सकता है। कार्तिक फर्स्ट लुक में बेहद कॉन्फिडेंट लगने के साथ खुलकर सामने आए हैं। उन्हें पहले कभी इस तरह के लुक में नहीं देखा गया है। यह कैरेक्टर उनके पिछली फिल्मों में निभाए गए किरदार से अलग मालूम होता है। पोस्टर में कार्तिक आर्यन की बॉडी देखने लायक है। उन्होंने सिक्स पैक एब्स तो नहीं बनाए, लेकिन पोस्टर में जो उनकी बॉडी दिखाई गई है, उसे देखकर लोग उनकी तुलना सलमान खान से कर रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कार्तिक ने लिखा है ‘चैंपियन आ रहा है। अपने करियर की सबसे चैलेंजिंग और स्पेशल फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए बेहद एक्साइटेड और गर्व महसूस कर रहा हूं।’ पोस्टर में कार्तिक आर्यन का ट्रांसफॉर्मेशन देखने लायक है। इसे देखकर ऐसा लगता है कि मूवी के लिए कार्तिक ने कड़ी मेहनत की है।




#### कार्तिक के होम टाउन में रिलीज होगा ट्रेलर

कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म चंदू चैंपियन के ट्रेलर की भी रिलीज डेट आ गई है। मूवी का ट्रेलर उनके होम टाउन ग्वालियर में 18 मई को देश भर के सार्वजनिक और राष्ट्रीय मीडिया की उपस्थिति में एक स्टेडियम में लॉन्च किया जाएगा।

#### इस दिन रिलीज होगी ‘चंदू चैंपियन’

कार्तिक आर्यन की ‘चंदू चैंपियन’ का अच्छा खासा बज बना हुआ है। इस मूवी को देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। जानकारी के लिए बता दें कि कार्तिक आर्यन की फिल्म ‘चंदू चैंपियन’ 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें इन दिनों कार्तिक ‘चंदू चैंपियन’ की डबिंग में जुटे हुए हैं। कार्तिक जल्द ही इस फिल्म का प्रमोशन शुरू करेंगे।

#### क्या होगी ‘चंदू चैंपियन’ की कहानी?

इस फिल्म की कहानी मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। मुरलीकांत पेटकर स्वर्ण पदक विजेता है, जिन्होंने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों में और फिर 1972 में जर्मनी में हुए पैरालंपिक में उन्होंने देश का नाम रोशन किया था।

#### कार्तिक आर्यन का वर्कफ्रंट

कार्तिक की आखिरी फिल्म ‘सत्यप्रेम की कथा’ रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन शेयर की थी। वहीं, उन्होंने फिल्म ‘तू झूठी मैं मक्कार’ में कैमियो किया था। इन दिनों कार्तिक फिल्म ‘भूल भुलैया 3’ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी नजर आएंगी।

## हित हरिवंश महाप्रभु का प्राकट्य महोत्सव कल से



**बेधड़क. जयपुर।** श्री गोविन्द देव जी मदिर के सत्संग भवन में 17 मई से गोस्वामी श्री हित हरिवंश महाप्रभु के 551 वां प्राकट्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय श्री हित राधावल्लभ समाज की ओर से होने वाले इस आयोजन के संयोजक केसी सिंघल ने बताया कि राज्यपाल कलराज मिश्र द्वीप प्रज्वलन कर वैष्णव जनों द्वारा रचित भक्तमाल वाणी जी का विमोचन करेंगे। इसके पश्चात महाप्रभु के जीवन चरित्र पर लीला का मंचन और छोटी सरकार, वृंदावन के प्रधान पीठाधीश्वर हित प्रेम कुमार गोस्वामी का प्रवचन होगा। 18 मई को तालकटोरा स्थित सत्संग भवन से गोविन्द देव जी मंदिर के सत्संग भवन तक राधावल्लभ लाल की बारात आएगी और ठाकुर जी के विवाहोत्सव का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी भी उपस्थित होंगी। 19 मई को महाप्रभु की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी और बधाई व उत्सव समाज होगा। तीनों दिन यह कार्यक्रम दोपहर 4 बजे से रात 8 बजे तक होगा।

## 16 विधाओं का देंगे प्रशिक्षण



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित होने वाले जूनियर समर प्रोग्राम (कैम्प) का आगाज गुरुवार सुबह से होगा। कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ कैम्प का उद्‌घाटन करेंगी। कैम्प में अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चे 16 कला विधाओं का प्रशिक्षण लेंगे। थिएटर, गायन, गिटार, तबला, पियानो, वॉयलिन, लोक नृत्य, कथक, मोबाइल फिल्म मेकिंग, फ़ोटोग्राफी, मोज़ेक आर्ट, आर्ट ऑफ़ एक्सप्रेशन की कक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे तक चलेंगी। कंटेम्पररी डांस, कैलीग्राफी (देवनागरी-अंग्रेजी) और क्रिएटिव राइटिंग की कक्षाएं शाम 3 से 6 बजे तक जारी रहेगी। कठपुतली मेकिंग एवं संचालन की कक्षाएं 30 मई से शुरू होगी। कैम्प के बाद बच्चों की मंचीय प्रस्तुति होगी।

## City इवेंट्स

### ‘मल्हार’ फिल्म की रिलीज डेट घोषित




**बेधड़क. जयपुर।** ‘मल्हार’ फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी गई है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में पहुंचेगी। हिंदी और मराठी में रिलीज होने वाली इस मूवी का फर्स्टलुक पोस्टर भी आज ही रिलीज किया गया। वी मोशन पिक्चर्स की इस प्रस्तुति का डाइरेक्शन विशाल कुंभार ने किया है और इसे प्रोड्यूस किया है प्रफुल्ल पसाद ने। फिल्म में अंजलि पाटिल, शारिब हाशमी, ऋषि सक्सेना, श्रीनिवास पोकले, विनायक पोतदार, मोहम्मद समद और अक्षता आचार्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखेंगे।

### 19 को आएगा देवरा का FIRST SINGLE

**बेधड़क. जयपुर।** सुपर स्टार जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड पेन इंडिया फिल्म देवरा का फर्स्ट सिंगल 19 मई को रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने बुधवार को इसकी डेट अनाउंस की। गाने में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। देवरा के इस गाने के प्रति जूनियर एनटीआर के फैंस में जबरदस्त क्रेज है, जिसके चलते #DevaraFirstS-ingle X पर #JrNTR और #FearSong के साथ ट्रेंड कर रहा है। डाइरेक्टर कोरटाला शिवा की इस




मूवी में जूनियर एनटीआर के अपोजिट बॉलीवुड की एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। मूवी में खलनायक सेफ अली खान बने हैं। यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में पहुंचेगी।

### जिंक फुटबॉल अकादमी की शानदार जीत



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल लीग मुकाबले में बुधवार को 72 से से 64 नंबर का मैच खेल गया। इसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि थॉरासी सीकर में जिंक फुटबॉल अकादमी और रॉयल फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें जिंक फुटबाल अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच 6-0 से जीता।

### बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही बायोपिक

## श्रीकांत ने तोड़ा सन्नाटा, राजकुमार राव का एक बार फिर चला जादू



**बेधड़क | जयपुर**

पिछले महीने से डूबे बॉक्स ऑफिस सन्नाटा सा पसरा है। अक्षय-टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान सहित तमाम फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। खाली पड़े थिएटरों में अब राजकुमार राव स्टारर और तुषार हीरानंदानी की डायरेक्शनल फिल्म ‘श्रीकांत’ ने थोड़ी रौनक लौटाई है। हालांकि, इस फिल्म की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने तगड़ा कलेक्शन किया। राजकुमार राव और ज्योतिका की लीड रोल वाली फिल्म ‘श्रीकांत’ भी धीरे-धीरे बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बना रही है। अब तक जो कमाई के आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे लगता है कि यह यामी गौतम की आर्टिकल 370 की तरह होले-होले हिट होने की ओर अग्रसर है। ‘श्रीकांत’ 10 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला है। इस इंस्पायरिंग बायोपिक में राजकुमार राव ने दृष्टिबाधित इंडस्ट्रिलिस्ट और बोलैंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक श्रीकांत बोल्ला का किरदार निभाया है। फिल्म की ओपनिंग धीमी रही, लेकिन वीकेंड पर इसने अच्छा कारोबार किया था। हालांकि, मंडे को कमाई गिरी, लेकिन वीकडेज में फिल्म का कलेक्शन घटना आम बात है।

### वेब सीरीज ‘पंचायत सीजन-3’ का ट्रेलर रिलीज

## फुलेरा की राजनीति और प्रधान सचिव की लव स्टोरी की झलक



**बेधड़क | जयपुर**

प्राइम वीडियोज की वेब सीरीज ‘पंचायत’ काफी हट रही है। उसके पिछले दोनों सीजन को लोगों ने खूब एंजॉय किया था। अब उसका तीसरा सीजन आने वाला है, जिसका ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया गया।

ढाई मिनट के इस ट्रेलर में फुलेरा गांव की राजनीति और प्रधान सचिव अभिषेक की लव स्टोरी की झलक देखने को मिली। शो के इस नए सीजन में टोटल 8 एपिसोड होंगे। दीपक कुमार मिश्रा द्वारा निर्देशित यह सीरीज 28 मई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। ट्रेलर में दिखाया है कि जहां एक तरफ सचिव जी गांव में हो रही फालतू पॉलिटिक्स से बचकर पढ़ाई पर ध्यान लगाना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ फुलेरा गांव में अब पंचायत चुनाव होने वाले हैं। पिछले सीजन के एमएलए साहब ने प्रधानजी और सचिवजी की नाक में दम कर दिया था और दोनों की नौकरी दांव पर भी लग गई थी। अब इस नए सीजन में बनराकस भी दोनों के पीछे पड़ गया है।

पंचायत 3 का प्रीमियर हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी किया जाएगा। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैजल मलिक, चंदन रॉय और सांविका जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मनोरंजन** | टेलीविजन पर कॉमेडी शो लेकर आ रहे हैं स्टैंडअप कॉमेडी के किंग

## कपिल OTT पर बिजी, टीवी पर एंटरटेन करेंगे जाकिर

**बेधड़क | जयपुर**

कपिल शर्मा इन दिनों ओटीटी पर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं, ऐसे में उनकी टीवी वाली ओडियंस मायूस थी। अब उन्हें उदास रहने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनके एंटरटेनमेंट के लिए स्टैंडअप कॉमेडी कर अपनी अलग ऑडियंस सेट करने वाले जाकिर टीवी पर अपना नया शो लाने वाले हैं। सूत्रों की माने तो चैनल और जाकिर खान के बीच बातचीत पक्की हो चुकी है। टीवी पर आने वाला नया शो कॉमेडी और शायरी पर बेस्ड होगा।

#### बड़ी उम्मीद तो है जाकिर से

गौरतलब है कि कपिल शर्मा को टक्कर देने के लिए कई चैनल्स ने कॉमेडी शोज की शुरुआत की थी। कपिल के साथ कॉमेडी शो में लोगों को खूब हंसाने वाले कृष्णा अभिषेक खुद भारती सिंह के साथ मिलकर एक शो लेकर आए थे, लेकिन वह ज्यादा चल नहीं पाया। इसके बाद अंत में उन्होंने कपिल के साथ हाथ मिलाना सही समझा। अब वो कॉमेडियन की टीम का हिस्सा हैं। ऐसे में जाकिर खान के नए शो का इंतजार हो रहा है। डिजिटल दुनिया में कलाकार को पसंद किया गया है। अब टीवी की ऑडियंस से उन्हें कैसी प्रतिक्रिया मिलती है ये देखना मजेदार होगा।



#### 192 देशों को कर रहे एंटरटेन

कपिल शर्मा सालों से अपनी टीवी की ऑडियंस को एंटरटेन कर रहे थे, लेकिन पिछले साल लिए ब्रेक के बाद कपिल अपनी टीम के साथ टीवी पर नहीं लौटे। अब वो नेटफ्लिक्स पर हर शनिवार नजर आते हैं। स्टार कॉमेडियन अपनी टीवी की ऑडियंस को छोड़ नेटफ्लिक्स पर 192 देशों को एंटरटेन कर रहे हैं।

#### मिल सकती है ओटीटी ऑडियंस

बता दें कि कपिल शर्मा के नेटफ्लिक्स वाले कॉमेडी शो का पहला सीजन पूरा होने वाला है। उसके सात एपिसोड आ चुके हैं। शो के अंतिम शो की शूटिंग भी हो चुकी है, जिसका अनाउंस भी कपिल की टीम सोशल मीडिया पर कर चुकी है। ऐसे में जब तक जाकिर का शो ओन एयर होगा तब तक कपिल की ओटीटी वाली ऑडियंस भी फ्री हो चुकी होगी। इसका सीधा फायदा जाकिर के शो को हो सकता है।



मृत्यु एवं मोक्ष भिन्न है, मोक्ष जीवन रहते भी संभव है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### ईरान समर्थित लेबनान के हिजबुल्लाह लड़ाकों ने किया दावा

# इजराइली जासूसी गुब्बारे और लॉन्चिंग पैड पर दागी मिसाइलें

**एजेंसी** | बेरुत

ईरान समर्थित लेबनान के हिजबुल्लाह लड़ाकों ने एक नाटकीय वीडियो जारी कर दावा किया है कि उसने इजराइली जासूसी गुब्बारे और उसके लॉन्चिंग पैड को मिसाइल हमले में तहस नहस कर दिया है। हिजबुल्लाह ने अपने बयान में यह भी कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान इजराइली उपकरण चलाने वाले सैन्य दल को भी निशाना बनाया गया है, जिसमें कुछ इजराइली सैनिक मारे गए हैं और कुछ घायल हुए हैं। हिजबुल्लाह ने अपने बयान में कहा कि इजराइली सैन्यबलों पर सीधा हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप मौतें और चोटें आईं हैं।

उधर, चीन ने भी इसकी पुष्टि की है। उसके मुताबिक हिज्बुल्लाह लड़ाकों ने दक्षिणी लेबनान के एक गांव में इजराइल से आ रहे जासूसी गुब्बारे को मार गिराया है। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि जासूसी गुब्बारे की गतिविधि पर लगातार नजर रखने और उसके स्थान का निर्धारण करने के बाद, हिजबुल्लाह सेनानियों ने उसे निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। गुब्बारे को इजराइली साइट पर रस्सी से बांध दिया गया था, जहां से उसे कंट्रोल किया जा रहा था। हिजबुल्लाह लड़ाकों ने उस लॉन्चिंग सेंटर को भी मिसाइल दाग कर तबाह कर दिया है और वहां तैनात दल को मार डाला है।

एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि एक इजराइली जासूसी गुब्बारा उत्तरी इजराइली क्षेत्र के हवाई क्षेत्र में घूमता हुआ देखा गया था, लेकिन हवाओं की दिशा उलट गई और वह लेबनानी हवाई क्षेत्र की ओर चला गया, जिससे वह लेबनान के दक्षिणी में सीमावर्ती गांव रमीश के आसपास मंडराने लगा। सूत्र ने कहा कि इसके बाद लेबनानी सेना के सदस्यों ने गुब्बारे को नष्ट कर दिया।



### इजराइल ने 12 कस्बों और गांवों पर दागे 50 गोले

इजराइल ने पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में आठ कस्बों और गांवों को निशाना बनाते हुए दस हवाई हमले किए हैं और दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में 12 कस्बों और गांवों की ओर लगभग 50 गोले दागे। उन्होंने बताया कि एक हमले में दक्षिण-पश्चिमी गांव यारून को भी निशाना बनाया गया, जिसमें चार घर नष्ट हो गए और चार नागरिक घायल हो गए, जिन्हें दक्षिणी शहर टायर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पाक मूल के अमेरिकी अरबपति साजिद तरार का बड़ा बयान, कहा...

# ‘पाकिस्तान को मोदी जैसे नेता की जरूरत’

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। तरार ने कहा कि नरेंद मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। ऐसे में उनको उम्मीद है कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं। साजिद तरार ने कहा कि मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा कि ‘मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। साजिद तरार ने कहा कि अफसोस की बात है कि पाकिस्तान में जमीनी स्तर के मुद्दों को सुलझाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। निर्यात कैसे बढ़ाया जाए? आतंकवाद पर नियंत्रण कैसे लाया जाए और कानून व्यवस्था में सुधार कैसे किया जाए, इन मुद्दों पर चर्चा और काम किया जाना चाहिए। वर्तमान में, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अशांति है और राजनीतिक अस्थिरता है। तरार ने कहा कि हम चाहते हैं कि हमें कोई ऐसा नेतृत्व मिले जो हमें इन सभी मुद्दों से दूर अगले स्तर पर ले जा सके।



### भारत के लिए भी अच्छा होगा शांतिपूर्ण पाकिस्तान

एक सवाल के जवाब में साजिद तरार ने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा। पाकिस्तान इस वक्त भयंकर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) सहित देश के कई हिस्सों में अशांति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आर्थिक संकट से गुजर रहा है। महंगाई चरम पर पहुंच गई। पेट्रोल की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। आईएमएफ कर बढ़ाना चाहता है। बिजली की लागत बढ़ गई है। हम निर्यात करने में सक्षम नहीं हैं। पीओके में विरोध मुख्य रूप से बिजली बिलों में बढ़ोतरी के कारण है।

### शहबाज पर सवाल

साजिद ने पीओके के लोगों को आर्थिक मदद देने के पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पैसा कहां से आएगा? वह आईएमएफ से नए सहायता पैकेज पर चर्चा कर रहे हैं। पाकिस्तान वित्तीय संकट से गुजर रहा है। ऐसे बुरे वक्त में शहबाज शरीफ का यह फैसला सही नहीं है।

### साजिद के बारे में


साजिद तरार 1990 के दशक में पाकिस्तान से आकर अमेरिका में आकर बस गए थे। पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों से उनके अच्छे संपर्क माने जाते हैं। अमेरिका में वह रिपब्लिकन पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक हैं। वह अमेरिकी चुनावों में ट्रंप का समर्थन करते देखे गए थे। तरार अमेरिका के बड़े कारोबारी हैं।

### 400 किलोमीटर की मारक क्षमता

# पाक: ‘S-400 किलर’ फतह-2 का परीक्षण

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना ने 400 किलोमीटर की मारक क्षमता वाले फतह-2 गाइडेड रॉकेट सिस्टम का परीक्षण किया है। इस प्रक्षेपण का उद्देश्य पाकिस्तानी सेना की अभ्यास और प्रक्रियाओं की जांच करना था। पाकिस्तान का दावा है कि अत्याधुनिक नेविगेशन प्रणाली और अत्याधुनिक गाइडेड सिस्टम से लैस फतह-2 उच्च परिशुद्धता के साथ लक्ष्य पर हमला कर सकता है। फतह-2 को पाकिस्तानी रक्षा विशेषज्ञ एस-400 किलर का नाम देते हैं। एस-400 एक रूसी एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसे भारत ने खरीदा है। इस परीक्षण के बाद पाकिस्तानी सेना ने बताया कि फतह-2 किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली को हराने में सक्षम है। फतह -II को पाकिस्तान के आर्टिलरी डिवीजनों में गहरे लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधने के लिए शामिल किया जा रहा है। रॉकेट प्रणाली पाकिस्तानी सेना के पारंपरिक शस्त्रागार की पहुंच और मारक क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करेगी।



### राष्ट्रपति और पीएम ने दी बधाई

फतह-2 के इस उड़ान परीक्षण के दौरान पाकिस्तानी सेना के जनरल स्टाफ के प्रमुख, तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम मौजूद रही। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष, सेना प्रमुखों और सभी सेवाओं के प्रमुखों ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर भाग लेने वाले सैनिकों और वैज्ञानिकों को बधाई दी।

### फतह-2 रॉकेट कितना शक्तिशाली

पाकिस्तानी विशेषज्ञों ने फतह-2 को अत्याधुनिक फ्लाइट कंट्रोल टेक्नोलॉजी और अडवांस पाथफाइंडिंग मैकेनिज्म की विशेषता वाला हथियार बताया है, जो आड़े-तिरछे रास्ते पर उड़ान भरकर दुश्मन के एंटी मिसाइल सिस्टम को चकमा दे सकता है। फतह-2 सैटेलाइट और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम से लैस है, जो अपने लक्ष्य पर सटीक हमला कर सकता है।

### बाइडेन ने फिर दी दो बिलियन डॉलर की सैन्य सहायता

# यूक्रेन को US से मिला राहत पैकेज

**एजेंसी** | कीव

रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने एक बार फिर यूक्रेन के लिए राहत पैकेज की घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दो बिलियन अमेरिकी डॉलर का हथियार पैकेज यूक्रेन को दिया है। सौदे का अधिकांश पैसा पिछले माह स्वीकृत किया गया था। गौरतलब है कि हाल ही में शुरू हुए संघर्ष में रूस ने यूक्रेन के नौ गांवों पर कब्जा कर लिया है। हालांकि, यूक्रेन रूस के इस दावे को खारिज करके कह रहा है कि रूस ने सिर्फ पांच ही गांवों पर कब्जा किया हुआ है। दो दिवसीय कीव यात्रा के दौरान बुधवार को ब्लिकंन ने अपने अंतिम कार्यक्रम के दौरान कहा कि बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो बिलियन अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि सौदे का अधिकांश पैसा, करीब 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित और राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा हस्ताक्षरित विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर से लिया गया है। ब्लिंकन ने कीव को वाशिंगटन के समर्थन का आश्वासन दिया।

### जेलेंस्की ने रद्द किए सभी दौरे

यूक्रेन की सेनाएं देश के पूर्वी इलाकों से हट गईं हैं। अन्य क्षेत्रों में यूक्रेनी सैनिक रूसी सैनिकों का मुकाबला कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी अपनी सभी विदेशी यात्राएं स्थगित कर दीं हैं। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने बताया कि हमारे सैनिक जान बचाने और नुकसान से बचने के लिए लुक्यांत्सी और वोवचांस्क क्षेत्रों से वापस आ गए हैं। वोवचांस्क- रूसी सीमा से केवल 5 किलोमीटर और खार्किव शहर से 50 किलोमीटर दूर है। बुधवार को यूक्रेनी-रूसी सैनिकों ने वोवचांस्क की सड़कों पर लड़ाई की। ओलेक्सी खार्किवस्की शहर की गश्ती पुलिस के प्रमुख का कहना है कि रूसी सैनिक शहर में मोर्चाबंदी कर रहे हैं तो वहीं जनरल ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूसी सैनिकों को खदेड़ दिया है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl